संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -25 रविवार ,26 नवम्बर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# सीबीआई ने की महुआ मोइत्रा के खिलाफ जांच शुरू

## इस जांच के नतीजे के आधार पर ही एजेंसी तय करेगी कि सांसद के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जाए या नहीं

**नई दिल्ली,25 नवम्बर 2023(ए)।**
महुआ मोइत्रा घूसकांड मामले में एक बड़े घटनाक्रम में सीबीआई ने तृणमूल कांग्रेस सांसद के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। सीबीआई ने यह जांच लोकपाल के निर्देश पर शुरू की है. सूत्रों ने एनडीटीवी को यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने प्रारंभिक जांच शुरू की है और एजेंसी इस जांच के नतीजे के आधार पर ही यह तय करेगी कि सांसद के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जाए या नहीं। प्रारंभिक जांच के तहत, सीबीआई किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती है या तलाशी नहीं ले सकती है, लेकिन वह जानकारी मांग सकती है, दस्तावेजों की जांच कर सकती है और तृणमूल सांसद से पूछताछ भी कर सकती है। यह जांच लोकपाल के आदेश के आधार पर शुरू की गई है,इसलिए रिपोर्ट भ्रष्टाचार निरोधक निकाय को सौंपी जाएगी।

इस मामले में सीबीआई में सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहाद्राई ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिन्होंने आरोप लगाया था कि मोइत्रा ने संसद में सवाल पूछने के लिए व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी से रिश्वत ली थी। देहाद्राई ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को भी लिखा था और दुबे की शिकायत के आधार पर स्पीकर ओम बिरला ने मामले को एथिक्स कमेटी को भेज दिया था. दुबे ने लोकपाल में भी शिकायत दर्ज कराई थी।

पैनल को भेजे गए हलफनामे में



हीरानंदानी ने आरोप लगाया था कि तृणमूल सांसद ने एक सांसद के रूप में उनके साथ ईमेल आईडी साझा की थी ताकि वह उन्हें जानकारी भेज सके और वह संसद में सवाल उठा सकें. उन्होंने दावा किया कि बाद में उन्होंने उन्हें अपना संसद लॉगिन और पासवर्ड दिया ताकि वह सीधे प्रश्न पोस्ट कर सकें।

### हलफनामे में हीरानंदानी ने लगाए थे गंभीर आरोप

हीरानंदानी ने अपने हलफनामे में आरोप लगाया था, महुआ मोइत्रा जल्द राष्ट्रीय स्तर पर नाम कमाना चाहती थीं. उनके दोस्तों और सलाहकारों ने उन्हें सलाह दी थी कि प्रसिद्धि का सबसे छोटा रास्ता पीएम नरेंद्र मोदी पर व्यक्तिगत हमला करना है। साथ ही उन्होंने कहा था, मोइत्रा ने सोचा कि पीएम मोदी पर हमला करने का एकमात्र तरीका गौतम अदाणी पर हमला करना है, क्योंकि दोनों एक ही राज्य गुजरात से हैं।

### ममता बनर्जी ने तोड़ी है महुआ पर चुप्पी

सीबीआई का यह कदम पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के इस विवाद को लेकर अपनी चुप्पी तोड़ने के दो दिन बाद आया है.। बनर्जी ने कहा था कि महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित करने की योजना बनाई जा रही है, लेकिन अगर ऐसा होता है तो ये महुआ के लिए 2024 के चुनाव से पहले फायदेमंद ही रहेगा. बनर्जी ने कहा था, उन्होंने महुआ को भगाने की योजना बनाई है। वह तीन महीने में लोकप्रिय हो जाएंगी। उन्होंने जो अंदर कहा वह बाहर कहेंगी. वह हर दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगी. उन्होंने क्या खो दिया?।



# सीएम जगन मोहन रेड्डी की जमानत खारिज करने की मांग

## सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री और सीबीआई को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली,25 नवम्बर 2023(ए)।**
सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश के सीएम जगन मोहन रेड्डी और सीबीआई को नोटिस जारी किया है। दरअसल एक याचिका दायर कर जगन मोहन रेड्डी को आय से अधिक संपत्ति मामले में दी गई जमानत को खारिज करने की मांग की गई है। यह याचिका वाईएसआर कांग्रेस से नाराज चल रहे सांसद रघु रामकृष्ण राजू ने दायर की है। याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने सीएम जगन मोहन रेड्डी और सीबीआई को नोटिस जारी कर उनका जवाब मांगा है।

# पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या मामले में 4 को आजीवन कारावास

- 5 वें दोषी को 3 साल की कैद
- अदालत ने कहा कि यह अपराध दुर्लभ से दुर्लभतम मामले के तहत नहीं आता है, इसलिए दोषियों को मौत की सजा नहीं दी गई.

**नई दिल्ली,25 नवम्बर 2023(ए)।**
दिल्ली की एक अदालत ने 2008 में हुई टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के मामले में आज चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई. पांचवे दोषी को तीन साल जेल की सजा सुनाई गई. अदालत ने कहा कि यह अपराध दुर्लभ से दुर्लभतम के अंतर्गत नहीं आता है और इसलिए दोषियों को मौत की सजा नहीं दी गई.

रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत मलिक और अजय कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है. पांचवें दोषी अजय सेठी को उनकी मदद करने के लिए तीन साल की साधारण सजा सुनाई गई है.



पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की 30 सितंबर 2008 को हत्या कर दी गई थी. 25 वर्षीय पत्रकार सौम्या विश्वनाथन हेडलाइंस टुडे में न्यूज प्रोड्यूसर थीं. वे एक ब्रेकिंग न्यूज को लेकर टीम की मदद के लिए देर तक न्यूज रूम में रुकी थीं. उनका काम पूरा हो गया तो वे सुबह 3.03 बजे झंडेवालान दफ्तर से निकलीं. वे अपनी कार में बैठीं और वसंत कुंज के लिए घर चल दीं. वे नहीं जानती थीं कि यह सफर उनका आखिरी सफर होगा. देर रात में डकैती की कोशिश करने वालों ने बेरहमी से उनकी जिंदगी खत्म कर दी. मामले की जांच करने वाले पुलिस अधिकारियों ने कहा कि घर लौटते समय सौम्या ने कपूर, शुक्ला, कुमार और मलिक की कार को ओवरटेक किया था.

पुलिस ने बताया कि चारों दोषियों ने देखा कि उन्हें ओवरटेक करने वाली महिला ड्राइवर अकेली है. इसके बाद वे उसका तेजी से पीछा करने लगे. पहले तो उन्होंने सौम्या की कार को रोकने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं रुकी. इसके बाद कपूर ने उस पर देसी हथियार से गोली चला दी. गोली उसके सिर में लगी, जिससे उसकी तुरंत मौत हो गई. उनकी कार उनके घर के पास नेल्सन मंडेला मार्ग पर एक डिवाइडर से टकराकर रुक गई.

एक अधिकारी ने कहा कि हत्यारे घटनास्थल से भाग गए थे लेकिन 20 मिनट बाद वे पीड़ित की स्थिति की जांच करने के लिए वापस लौटे थे. वहां उन्होंने जब पुलिस कर्मियों को देखा तो वे भाग गए. अदालत ने 18 अक्टूबर को चारों आरोपियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया था.

# राजस्थान में 68.24 प्रतिशत वोटिंग पर थमा मतदान

### वोटिंग के लिए देर शाम तक बूथों पर थी भारी भीड़

**जयपुर,25 नवम्बर 2023(ए)।**
राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया थम गई है। प्रदेश के मतदाताओं के मत मतपेटियों में बंद हो गए हैं। अब मत वीडियो को स्ट्रांग रूम तक पहुंचाने का सिलसिला जारी था। राजस्थान में शाम 5:30 बजे तक कुल 68.24 प्रतिशत मतदान हुआ है। लेकिन मतदान थामने के बाद भी कई बूथ केंद्रों पर अभी भी मतदाताओं की भारी भीड़ मौजूद थे। मतदान के लिए बूथ पर केंद्र में मौजूद मतदाताओं को मतदान कराया जा रहा था।

### राजस्थान में हुआ रिकॉर्ड तोड़ मतदान




राजस्थान के मतदाताओं ने विधानसभा चुनाव के लिए रिकॉर्ड तोड़ मतदान किया है। प्रदेश में अब तक 68.24 फ़ीसदी मतदान हो चुका है। प्रदेश में लोगों ने उत्साह के साथ मतदान किया। सबसे बड़ी बात यह है कि मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई है। लोगों में सुबह से ही वोट देने के लिए उत्साह देखा गया। हालांकि सुबह मतदान प्रतिशत थोड़ा कम था। लेकिन दोपहर होते-होते लोग घरों से बाहर निकल कर वोट के लिए जाने लगे। शाम को मतदान प्रक्रिया थमने के साथ ही मतदान प्रतिशत का आंकड़ा तेजी से बढ़ा है।

### सूरसागर और शाहपुरा में देर शाम तक मतदान जारी रहा

जोधपुर की सूरसागर विधानसभा के सिवाची गेट बकरा मंडी इलाके में स्थित इस बूथ पर हंगामा हुआ है। मतदान समय समाप्त होने के बाद भी कुछ लोग कतार में खड़े थे। एक पक्ष का आरोप है कि कतार में लगातार और लोग बढ़ रहे थे। उन्हें मतदान की अनुमति नहीं दी जाए। फिलहाल मौके पर डीसीपी सहित तमाम अधिकारी मौजूद है। वहीं जयपुर के शाहपुरा में समय समाप्त होने के बाद बूथ केंद्र में मतदान जारी है। प्रत्याशी मनीष यादव मौके पर मौजूद है। बूंदी में भी मतदान के लिए लंबी कतार लगी हुई है। प्रदेश में कई सीटों पर अभी भी मतदान जारी है। आपको बता देते हैं कि जिन बूथों पर मतदाता मौजूद हैं। वहां देर रात तक मतदान चलने की आशंका है।

### शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुआ मतदान

राजस्थान में शांतिपूर्वक ढंग से मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई। प्रदेश में छिट-पुट घटनाओं को छोड़कर कहीं कोई बड़ी अनहोनी की जानकारी नहीं मिली है। राजस्थान शांतिप्रिय प्रदेश के तौर पर जाना जाता है। ऐसे में यहां मतदान प्रक्रिया का शांतिपूर्वक संपन्न होना अनुकरणीय उदाहरण है। आपको बता दे कि राजस्थान की 200 में से 199 विधानसभा सीटों पर मतदान कराया गया था। राजस्थान में मतदान संपन्न हो चुके हैं। अब 3 दिसंबर को चुनाव परिणाम सामने आएंगे।

# मजदूरों के बचाव में समय बढ़ने से परिजनों में बढ़ी बेचैनी

- घटनास्थल पर पहुंचे लोग;आखिर कितने दिन और ?
- सिलक्यारा सुरंग में 41 मजदूरों को निकालने की कोशिश जारी
- पिछले 13 दिनों से टनल के अंदर फंसे हैं मजदूर
- स्ट्रेचर के जरिए मजदूरों को बाहर निकाला जाएगा

**उत्तरकाशी,25 नवम्बर 2023(ए)।**
चारधाम ऑलवेदर परियोजना की सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों की जिंदगी बचाने के लिए बचाव अभियान चल रहा है। पिछले 13 दिनों से टनल के अंदर फंसे श्रमिकों का स्वास्थ्य ठीक है। लगातार पाइप के जरिए श्रमिकों को खाना पहुंचाया जा रहा है। आज 14वें दिन उम्मीद की जा रही है सभी मजदूर सकुशल बाहर आ जाएंगे।



### उत्तरकाशी सुरंग बचाव पर पूर्व सलाहकार भास्कर ने दी जानकारी

उत्तरकाशी सुरंग बचाव पर पूर्व सलाहकार भास्कर खुल्बे ने कहा, अभी स्थिति काफी ठीक है। रात हमें दो चीज़ों पर काम करना था। सबसे पहले, हमें मशीन के प्लेटफॉर्म का पुनर्गठन कर दिया और इसके बाद पाइप पर जो थोड़ा दबाव था उसे काटने का काम चल रहा है ये पूरा हो जाने के बाद हम ऑगर ड्रिलिंग की प्रक्रिया शुरू करेंगे। पार्सन्स कंपनी ने ग्राउंड पेनेट्रेशन रडार से जो अध्ययन किया है उसे हमें पता चला कि अगले 5 मीटर तक कोई धातु अवरोध नहीं है। इसका मतलब है कि हमारी ड्रिलिंग सुचारू होनी चाहिए।

### आज तक ही हो पाएगा रेस्क्यू कंप्लीट

सिलक्यारा से लौटे एनएचआइडीसीएल के एमडी महमूद और नोडल अफसर डॉ नीरज खैरवाल। अब रेस्क्यू के शनिवार तक ही संपन्न होने की उम्मीद है।

### लोहे के गार्डर आने से ड्रिलिंग अवरुद्ध

सुरंग के भीतर 48.8 मीटर पर मलबे में लोहे के गार्डर आने से ड्रिलिंग अवरुद्ध हुई है। सूत्रों के अनुसार औगर मशीन बाहर निकाल कर अवरोध को गैस कटर से काटा जा रहा है। इसमें दो से तीन घंटे का समय लग सकता है।



# राहुल और प्रियंका के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची बीजेपी

### प्रचार बंद होने के बाद वोर्टस को प्रभावित करने का आरोप

**नई दिल्ली 25 नवम्बर 2023 (ए)।**राजस्थान में विधान सभा चुनाव के तहत राज्य की 200 में से 199 विधान सभा सीटों पर मतदान जारी है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया समेत राजस्थान के तमाम दिग्गज नेता अपने-अपने इलाकों में अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं और अपनी-अपनी जीत के दावे भी कर रहे हैं।

इस बीच भाजपा ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के शनिवार को एक्स पर किए गए पोस्ट को चुनावी कानून और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करार देते हुए चुनाव आयोग को शिकायती पत्र भेजकर आयोग से इन दोनों नेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

भाजपा ने चुनाव आयोग को भेजे अपने शिकायती पत्र में यह आरोप लगाया है कि राजस्थान में मतदान वाले दिन पर सोशल मीडिया पर इस तरह की पोस्ट करके कांग्रेस नेताओं ने चुनावी कानून और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है और इस तरह के मामलों में दो वर्ष तक की सजा या जुर्माना या फिर दोनों की सजा का प्रावधान है।

भाजपा ने चुनाव आयोग से आग्रह किया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आयोग तुरंत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को इस पोस्ट को हटाने और अकाउंट को सस्पेंड करने का निर्देश दे और इसके साथ ही राजस्थान के चीफ इलेक्शन ऑफिसर को क्रिमिनल कंप्लेंट फ़ाइल करवा कर कड़ी कार्रवाई करने का भी निर्देश दें।

# राममंदिर में स्थापित होने के लिए तैयार हैं रामलला की 3 प्रतिमाएं

- बेहद गोपनीय रही पूरी प्रक्रिया
- 22 जनवरी को किसी एक का होगा चयन
- रामलला की तीन प्रतिमाओं का हुआ है निर्माण
- गर्भगृह में स्थापित करने के लिए इनमें से श्रेष्ठतम का चयन अगले माह संभावित
- प्रतिमाओं के निर्माण में कई चरण के परीक्षण के साथ बरती गई व्यापक सजगता-संजीदगी

**अयोध्या,25 नवम्बर 2023 (ए)।**नवनिर्मित मंदिर में स्थापित होने वाली रामलला की प्रतिमा तैयार कर ली गई है। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में स्थापित तो कोई एक प्रतिमा होगी, किंतु निर्माण तीन प्रतिमाओं का किया गया है और जो श्रेष्ठतम होगी, उसे राम मंदिर में स्थापित करने के लिए चयनित किया जाएगा। यह तय करना आसान नहीं होगा।

तीनों प्रतिमाएं अति कुशल और प्रतिष्ठित शिल्पियों ने कठिन श्रम-समर्पण एवं एकाग्रता के साथ गढ़ी हैं। रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने शिल्पियों के साथ शिलाओं के भी चुनाव में कई चरण के परीक्षण और व्यापक सजगता-संजीदगी बरती।



इसी वर्ष एक फरवरी को पहली शिला नेपाल की गंडकी नदी से लाई गई। इसकी पात्रता की खूब दावेदारी भी हुई, किंतु यह शिला कसौटी पर खरी नहीं उतर सकी। रामलला की प्रतिमा के लिए उड़ीसा और महाराष्ट्र से भी शिलाएं चुनकर लाई गई, किंतु विशेषज्ञों की निगरानी में परीक्षण के बाद राजस्थान के मकराना से लाए गए संगमरमर सहित कर्नाटक से लाई गई दो शिलाओं को स्वीकृत किया गया।

कर्नाटक की शिला स्वीकृत किए जाने के पीछे इस शिला की अनेक विशेषताओं के अलावा इसका श्रीराम की तरह श्यामवर्णी होना है। प्रतिमा निर्माण के लिए पहले मानक तय किया गया। इसके लिए तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने देश के शीर्ष चित्रकारों से रामलला के चित्र बनवाए।

ट्रस्ट की ओर से सुझाव दिया गया कि यह चित्र परात्पर ब्रह्म होने की दिव्य-दैवी गरिमा से संपन्न श्रीराम की छवि और जन्मभूमि पर होने वाले पांच वर्षीय बालक की गरिमा के अनुरूप हो। एक दर्जन से अधिक देश के शीर्ष चित्रकारों ने एक से बढ़कर एक चित्र तैयार किए गए, किंतु रामलला की प्रतिमा के लिए दिग्गज चित्रकार वासुदेव कामथ द्वारा निर्मित चित्र स्वीकार किया गया।

इसी चित्र को आधार बनाकर सात माह पूर्व मकराना की शिला से सत्यनारायण पांडेय ने एवं कर्नाटक की श्याम शिला से अरुण योगीराज तथा गणेश भट्ट ने रामलला की प्रतिमा का निर्माण आरंभ किया। यद्यपि निर्माण की पूरी प्रक्रिया से लेकर उसे अंतिम स्पर्श दिए जाने की प्रक्रिया को तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने पूरी तरह गोपनीय रखा।

यह तो ज्ञात हुआ कि प्रतिमा निर्माण रामघाट स्थित रामसेवकपुरम एवं उसके सामने स्थित विवेक सृष्टि परिसर में किया जा रहा है, किंतु वहां किसी को जाने की अनुमति नहीं थी। जिन कक्षों में इन प्रतिमाओं का निर्माण हो रहा था, वहां की हलचल थम गई है और उस पर ताले लटक रहे हैं।

यानी सात माह के सतत श्रम के बाद रामलला की प्रतिमा तैयार कर ली गई है और अब निर्मित तीन प्रतिमाओं में श्रेष्ठतम का चयन होना बाकी है।

# सात जनवरी तक एल 1 प्वाइंट पर पहुंचेगा आदित्य




- इसरो प्रमुख का दावा
- लक्ष्य के करीब पहुंचा आदित्य एल 1
- इसरो प्रमुख बोले- सात जनवरी तक एल1 प्वाइंट पर पहुंचने की उम्मीद
- देश के पहले सूर्य मिशन आदित्य को दो सितंबर को किया गया था लांच

**तिरुअनंतपुरम,25 नवम्बर 2023(ए)।**
सूर्य के रहस्यों का अध्ययन करने के लिए एल1 की यात्रा पर निकला भारत का पहला सूर्य मिशन आदित्य एल1 लक्ष्य के करीब पहुंच गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने कहा कि आदित्य अपनी यात्रा के अंतिम चरण में है। आदित्य के लैग्रेंज प्वाइंट 1 (एल-1) में प्रवेश करने की प्रक्रिया सात जनवरी, 2024 तक पूरी होने की उम्मीद है।

आदित्य एल1 के एल1 बिंदु में प्रवेश की तैयारियां चल रही हैं। संभवतः सात जनवरी तक एल1 प्वाइंट में प्रवेश कराने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## संपादकीय

### मोइत्रा विवाद का नतीजा

परामर्श के पैसे को लेकर विवाद, जिसमें तृणमूल कांग्रेस की उपाध्यक्ष महुआ मोइत्रा भी शामिल थीं, ने डिजिटल संसद पोर्टल तक पहुंच के नियमों में एक कठिन समायोजन को जन्म दिया है। रिपोर्टों के मुताबिक, लोकसभा अधिकारियों ने सांसदों तक उनकी पहुंच सीमित कर दी है, उनके निजी सहायकों को छोड़कर। यह उपाय अधिकांश सांसदों के लिए कठिन साबित हो सकता है, जो कि नियमित संसदीय कार्यों को करने की उनकी व्यक्तिगत क्षमता पर निर्भर करता है, जिसमें प्रश्नों का मसौदा तैयार करना, बहस के लिए अनुरोध, कानून परियोजनाएं आदि शामिल हैं। यह निर्भरता इस तथ्य के कारण है कि सांसद चुनावी जिलों/पार्टियों के मामलों और/या डिजिटल चुनौतियों का सामना करने में व्यस्त हैं। लोकसभा मैनुअल उन्हें अपने निजी सहायकों को आधिकारिक कार्य करने के लिए अपने खातों में लॉग इन करने के लिए अधिकृत करने की अनुमति देता है। अपनी व्यक्तिगत पहुंच से इनकार करने के परिणामस्वरूप सांसद डिजिटल ज्ञान प्राप्त करेंगे और संसदीय मामलों में भाग लेना जारी रखने के लिए स्क्रीन के सामने अधिक समय बिताएंगे।

यह गारंटी देने के उपाय में कोई समस्या नहीं है कि सत्र प्रारंभ डेटा को गैर-अधिकृत या अजनबियों के साथ साझा नहीं किया जाएगा। हालाँकि, किसी डिप्टी के निजी सदस्य इस श्रेणी में शामिल नहीं होते हैं। प्रतिबंध अनुचित हैं क्योंकि मामला मोइत्रा के उस आरोप को संदर्भित करता है कि उसने अपने पोर्टल का पासवर्ड दुबई निवासी एक उद्यमी दर्शन हीरानंदानी के साथ साझा किया था। टीआई मंत्रालय ने पुष्टि की है कि उसने दुबई से 49 बार टीएमसी नेता की संसदीय पहचान प्राप्त की है। इससे भाजपा के डिप्टी निशिकांत दुबे के आरोपों की जांच हुई कि मोइत्रा ने संसद में ग्रुपो अदानी पर निर्देशित प्रश्न पूछने के लिए हीरानंदानी के सोबोर्नो को स्वीकार किया था।


# भारतीय संविधान से जुड़े प्रमुख तथ्य



**श्वेता गोयल**
नजफगढ़,
नई दिल्ली

26 नवम्बर को देश में प्रतिवर्ष संविधान दिवस मनाया जाता है। हालांकि वैसे तो भारतीय संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था लेकिन इसे स्वीकृत 26 नवम्बर 1949 को ही कर लिया गया था। डा. भीमराव अम्बेडकर के अथक प्रयासों के कारण ही भारत का संविधान ऐसे रूप में सामने आया, जिसे दुनिया के कई अन्य देशों ने भी अपनाया। वर्ष 2015 में डा. अम्बेडकर के 125वें जयंती वर्ष में पहली बार देश में 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया था और इस साल हम 74वां संविधान दिवस मना रहे हैं। भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जो 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था।

संविधान प्रारूप समिति की बैठकें 114 दिनों तक चली थी और संविधान के निर्माण में करीब तीन वर्ष का समय लगा था। संविधान के निर्माण कार्य पर करीब 64 लाख रुपये खर्च हुए थे और इसके निर्माण कार्य में कुल 7635 सूचनाओं पर चर्चा की गई थी।




मूल संविधान में सात मौलिक अधिकार थे लेकिन 44वें संविधान संशोधन के जरिये सम्पत्ति के अधिकार को मौलिक अधिकारों की सूची से हटाकर संविधान के अनुच्छेद 300 (ए) के अंतर्गत कानूनी अधिकार के रूप में रखा गया, जिसके बाद भारतीय नागरिकों को छह मूल अधिकार प्राप्त हैं, जिनमें समता या समानता का अधिकार (अनुच्छेद 14 से अनुच्छेद 18), स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19 से 22), शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23 से 24), धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25 से 28), संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार (अनुच्छेद 29 से 30) तथा संवैधानिक अधिकार (अनुच्छेद 32) शामिल हैं। संविधान के भाग-3 में अनुच्छेद 12 से अनुच्छेद 35 के अंतर्गत मूल अधिकारों का वर्णन है और संविधान में यह व्यवस्था भी की गई है कि इनमें संशोधन भी हो सकता है तथा राष्ट्रीय आपात के दौरान जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को छोड़कर अन्य मौलिक अधिकारों को स्थगित किया जा सकता है।

भारतीय संविधान से जुड़े रोचक तथ्यों पर नजर डालें तो हमारे संविधान की सबसे बड़ी रोचक बात यही है कि यह दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। सर्वप्रथम सन् 1895 में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने मांग की थी कि अंग्रेजों के अधीनस्थ भारत का संविधान स्वयं भारतीयों द्वारा बनाया जाना चाहिए लेकिन भारत के लिए स्वतंत्र संविधान सभा के गठन की मांग को ब्रिटिश सरकार द्वारा ठुकरा दिया गया था। 1922 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने मांग की कि भारत का राजनैतिक भाग्य भारतीय स्वयं बनाएंगे लेकिन अंग्रेजों द्वारा संविधान सभा के गठन की लगातार उठती मांग को ठुकराया जाता रहा। आखिरकार 1939 में कांग्रेस अधिवेशन में पारित प्रस्ताव में कहा गया कि स्वतंत्र भारत के संविधान के निर्माण के लिए संविधान सभा ही एकमात्र उपाय है और सन् 1940 में ब्रिटिश सरकार द्वारा भारत का संविधान भारत के लोगों द्वारा ही बनाए जाने की मांग को स्वीकार कर लिया गया। 1942 में क्रिप्स कमीशन द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में निर्वाचित संविधान सभा का गठन किया जाएगा, जो भारत का संविधान तैयार करेगी।

सच्चिदानंद सिन्हा की अध्यक्षता में 9 दिसम्बर 1946 को संविधान सभा पहली बार समवेत हुई किन्तु अलग पाकिस्तान बनाने की मांग को लेकर मुस्लिम लीग द्वारा बैठक का बहिष्कार किया गया। दो दिन बाद संविधान सभा की बैठक में डा. राजेन्द्र प्रसाद को संविधान सभा का अध्यक्ष चुना गया और वे संविधान बनाने का कार्य पूरा होने तक इस पद पर आसीन रहे। 15 अगस्त 1947 को भारत अंग्रेजों की गुलामी से आजाद हुआ और संविधान सभा द्वारा 29 अगस्त 1947 को संविधान का मसौदा तैयार करने वाली 'संविधान निर्मात्री समिति' का गठन किया गया, सर्वसम्मति से जिसके अध्यक्ष बने भारतीय संविधान के जनक डा. भीमराव अम्बेडकर। संविधान के उद्देश्यों को प्रकट करने के लिए संविधान में पहले एक प्रस्तावना प्रस्तुत की गई है, जिससे भारतीय संविधान का सार, उसकी अपेक्षाएं, उसका उद्देश्य, उसका लक्ष्य तथा दर्शन प्रकट होता है। प्रस्तावना के अनुसार, ''हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोक तंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 ई. को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।'' संविधान की यह प्रस्तावना ही पूरे संविधान के मुख्य उद्देश्य को प्रदर्शित करती है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## संविधान

संविधान सिरजन करिस,
बाबा भीम महान ।
अइसन विधिवत ग्रंथ ला,
सबले बड़का जान ।।
भेद-भाव ला टार के,
दे मौलिक अधिकार ।
दलित पूत सरजे हवय,
संविधान के सार ।।
बनगे हवय न्याय हा,
शोषित जन के मान ।
जात-पात ला तँय हरे,
दिये सबो ला ज्ञान ।।
दलित मसीहा तँय हवस,
जन-जन कर्णाधार ।
संविधान तँय हा गढ़े,
करे हमर उद्धार ।।
हम भारतवासी सबो,
सदा करन सत्कार ।
बाबा अरजी ला सुनव,
वंदन बारंबार ।।



**मुकेश उइके मयारू**
चेपा, पाली,
कोरबा( छ.ग.)

## सही कहते हैं लोग

सही कहते हैं लोग,
झूठ के पैर नहीं होते।
निकल गया जो वक्त ,
फिर काहे को रोते।
सही कहते हैं लोग,
गंदगी के लगते छींटे।
निकल गया है सांप
काहे लकीर को पीटे।
सही कहते हैं लोग,
दीवारों को कान होते।
देते हैं घर का भेद
अपने ही बेईमान होते।
सही कहते हैं लोग,
वक्त वक्त की हैं बातें।
आती है सुख की भोर
कभी दुख की रातें।
सही कहते हैं लोग
वक्त की मार बुरी है।
टूट जाते रिश्ते प्रेम के
दिल में खार बुरी है।
सही कहते हैं लोग,
जोड़ो तिनका तिनका।
करले आज सँभाल
पता नहीं बुरे दिन का।
सही कहते हैं लोग,
संगत का असर होता।
शिष्ट संगत है भली,
कुसंगती वाला रोता।
सही कहते हैं लोग ,
मन का मत भेद देना।
देख चादर पैर पसार
कभी मत उधार लेना।



**शिव सन्याल**
मकड़ाहन
ज्वाली
कांगड़ा
हिमाचलप्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## महानायक बाबा साहब

बाबा साहब ने लिखा
विश्व का सबसे बड़ा संविधान
मानवता का अधिकार दिया सबको एक समान।
अपनी कलम से सदियों तक
अमिट इतिहास लिखा
संविधान बनाते वक्त दूरदर्शिता का भी ध्यान रखा।
क्या होती है कलम की ताकत दुनिया को दिखाया
जाति-भेदभाव,छुआछूत को पलभर में मिटाया।
जब बाबा साहब ने
हक-अधिकार का कानून बनाया
तब जाकर देश के गरीबों व
मजदूरों को सूकुन आया।
सदियों से दलितों को
पढ़ने-लिखने का अधिकार न था
आरक्षण दिया बाबा साहब ने
इसके बिना उद्धार न था।
मानवता की रक्षा के लिए
धार्मिक राष्ट्र बनने न दिया
बाबा साहब ने धर्म-निरपेक्ष
राष्ट्र का प्रस्ताव दिया।
भारत को विश्व में सबसे ऊंचा,
सबसे प्यारा महान बनाया
विविधता से भरी देश में
सबके हित के लिए विधान बनाया।
किसानों को जंमीदारो के शोषण,
अत्याचार से मुक्ति दिलाया
जमीन का मालिकाना हक दिलाकर
किसानों का शक्ति बढ़ाया।
सभी लोगों को अपनी
अभिव्यक्ति जताने का अधिकार दिया
चाहे कोई भी हो सबको
अपनी संघ बनाने का अधिकार दिया।
सदियों से जिनको
सम्पत्ति रखने का अधिकार न मिला
बाबा साहब ने उनको भी
सम्पत्ति रखने का अधिकार दिया।
सबसे पहले बाबा साहब ने
पूरे विश्व का संविधान पढ़ा
उसके बाद विश्व का
सबसे बड़ा लिखित संविधान गढ़ा।
संविधान में बाबा साहब ने
इस देश का भाग्य लिख डाला
कोई चीज छूट ल पाये इसलिए सैंकड़ों
अनुच्छेद लिख डाला।
आरक्षण देकर गरीबों को भी
राजा बनने के लायक बनाया
पूरा जीवन दूसरों के लिए
अर्पित कर महानायक कहलाया।



**हितेश्वर बर्मन चैतन्य**
डंगनिया,सारंगढ़
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## हमारा संविधान

तय किया है उसने
हम क्या पहनें परिधान,
पाखंड चुनें या तार्किक ज्ञान,
उनकी सुरक्षा के प्रति सचेत
रहना है
नहीं रहना है नादान,
अमानवीय व्यवस्था के
पैरोकारों से
क्या कभी इंसाफ की उम्मीद
करोगे,
वो समरसता की बातें करने
लगेंगे
जब आप समानता के नारे
धरोगे,
सचेत रहो भरोसा छोड़ इनसे
रहना होगा सावधान,
जान से भी प्यारा है हमें हमारा
संविधान,
अछूत अस्पृश्य से हमें
इंसान किसने बनाया,
भूमिहीनों से हमें किसान
किसने बनाया,
जिनके लिए थीं औरतें ताड़ना
के अधिकारी
उन्हें आसमान पर किसने
उड़ाया,
बराबर के अधिकार सम्मान
किसने दिलाया,
मत भूलो हम फंसे बटे थे
जातियों के घृणित दलदल में,
जुल्म अपमान सहते थे
दिन दिन पल पल में,
प्रगति व विज्ञान की राह
किसने दिखाया,
हमारे लिए संविधान ही है
भगवान,
इसका जोत सदा के लिए
जलाये रखना है,
इसका महत्व सबको बताये
रखना है,
तो आओ सबको एक एक
अनुच्छेद बताएं,
और खुशी खुशी संविधान
दिवस मनाएं।



**राजेन्द्र लाहिरी**
पामगढ़ छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# घोषणापत्रों से गायब है भ्रष्टाचार का मुद्दा

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा वायदों की लोकलुभावन घोषणाओं के बीच से भ्रष्टाचार का मुद्दा गायब है। विशेषकर गैर भाजपा दलों ने भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाना जरूरी नहीं समझा। किसी भी विपक्षी दल ने चुनावी घोषणा पत्र में भ्रष्टाचार मिटाने का जिक्र तक नहीं किया, जबकि भाजपा सरेआम भ्रष्टाचार के मामलों में विपक्षी दलों के नेताओं पर निशाना साध रही है। विपक्षी दल भाजपा के खिलाफ बदनीयती से ईडी और सीबीआई की कार्रवाई के जरिए चुनावी फायदे का आरोप लगा रहे हैं, किन्तु यह नहीं बता रहे कि भ्रष्टाचार आखिर खत्म कैसा होगा। नेशनल हैराल्ड के मामले में सोनिया गांधी और खड़गे के खिलाफ कार्रवाई के मामले में कांग्रेस ने भाजपा पर ईडी और सीबीआई से डराने-धमकाने का आरोप लगाया है। चुनावी सभाओं में कांग्रेस नेता राहुल गांधी अडानी-अंबानी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मिलीभगत का आरोप लगा रहे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि राहुल गांधी सहित कांग्रेस और किसी भी विपक्षी दल के नेता ने अभी तक इन आरोपों को कोर्ट में चुनौती नहीं दी।

गौरतलब है कि जनहित रिट याचिकाओं के जरिए पूर्व में भ्रष्टाचार के मामलों में अदालतों ने कई बड़े निर्णय दिए हैं। फ्रांस से लिए युद्धक विमान राफेल में भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में मामला दायर किया था। इसी तरह विपक्षी दलों ने संयुक्त रूप से प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो के खिलाफ दुर्भावना से कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इन दोनों मामलों में विपक्षी दलों को भाजपा के खिलाफ कोई सफलता नहीं मिल सकी। ईडी ने पिछले 9 साल में 5000 केस फाइल किए। इनमें से 95 प्रतिशत केस विरोधी दलों के नेताओं और उनके रिश्तेदारों के खिलाफ हैं। सवाल यही उठता है कि देश के प्रधानमंत्री पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी उद्योगपतियों से मिलकर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे हैं। चुनावी सभाओं में राहुल गांधी ने इसे प्रमुख मुद्दा बनाया हुआ है। इसके बावजूद राहुल गांधी या कांग्रेस इस मुद्दे पर अदालत के जरिए कानूनी कार्रवाई से कतरा रहे हैं। इससे यही साबित होता है कि ये आरोप सिर्फ चुनावी फायदे के लिए लगाए जा रहे हैं।




इसके विपरीत ईडी और सीबीआई की कार्रवाई विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ लगातार जारी है। दिल्ली में शराब घोटाले के केस में केजरीवाल की पार्टी के तीन बड़े नेता पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। चुनावी सभाओं में प्रधानमंत्री मोदी भ्रष्टाचार के मामलों में लगातार विपक्षी दलों पर हमला कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने सभाओं में घोटालों की बात की, भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया, फिर कहा कि जनता का पैसा खाने वालों को लूट का माल भी लौटाना पड़ेगा और जेल भी जाना पड़ेगा। शराब घोटाले के केस में अरविंद केजरीवाल ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए।

उन्होंने ईडी के समन को मानने से इनकार कर दिया। ईडी के नोटिस को केजरीवाल ने राजनीति से प्रेरित बताया। छत्तीसगढ़ के कांकेर में एक रैली को संबोधित करते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कोई कितना भी ताकतवर हो, कितने भी बड़े पद पर हो, कितना भी बड़ा नेता हो, अगर भ्रष्टाचार किया है, अगर जनता का पैसा खाया है, तो लूट का माल लौटाना ही पड़ेगा, जेल जाना ही पड़ेगा। मोदी ने सीधे-सीधे न केजरीवाल का नाम लिया, न शराब घोटाले की बात की। पांच राज्यों के चुनाव के दौरान केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई जारी है। प्रवर्तन निदेशालय ने महाराष्ट्र सरकार में मंत्री रह चुके शिवसेना (यूबीटी) नेता रवींद्र वायकर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह मामला वायकर, उनकी पत्नी और अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया है। वायकर व उनके परिवार पर आरोप है कि वो बीएमसी के नियमों की अनदेखी कर मुंबई के जोगेश्वरी में एक लग्जरी होटल बनाने वाले थे। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और तेलगु देशम पार्टी के मुखिया चंद्रबाबू नायडू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि कथित कौशल विकास निगम घोटाला मामले में चंद्रबाबू नायडू को सीआईडी और पुलिस ने गिरफ्तार किया था। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार किया गया। संजय सिंह की गिरफ्तारी के अगले ही दिन, गुरुवार को ईडी और आईटी ने चार राज्यों में छापेमारी की है। ईडी ने नगरपालिका भर्ती घोटाले के मामले में पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री रथिन घोष के यहां छापेमारी की।

वहीं आईटी ने चेन्नई में डीएमके सांसद के यहां रेड डाली। इसके अलावा तेलंगाना में बीआरएस विधायक और कर्नाटक के शिवमोगा में डीसीसी बैंक के चेयरमैन के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की गई। पश्चिम बंगाल की ममता सरकार के मंत्री रथिन घोष के आवास पर ईडी ने छापेमारी की है। यह कार्रवाई नगरपालिका भर्ती घोटाले में भागीदारी होने को लेकर की गई है। रथिन के कोलकाता आवास समेत 13 ठिकानों पर छापेमारी की गई है। रथिन घोष ममता सरकार में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री के पद पर हैं। तमिलनाडु में डीएमके सांसद एस. जगतरक्षकन के भवन पर आयकर विभाग ने 40 से ज्यादा स्थानों पर दबिश दी। आईटी की ओर से एकॉर्ड डिस्टिलर्स एंड ब्रूअर्स प्राइवेट लिमिटेड पर भी छापेमारी की। इसी तरह तेलंगाना में बीआरएस विधायक मगंती गोपीनाथ से संबंधित ठिकानों पर छापेमारी की गई। आईटी अधिकारियों के दलों ने कुकटपल्ली में उनके आवास और कार्यालयों के साथ हैदराबाद के विभिन्न हिस्सों में तलाशी ली। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सबसे करीबी रहे वरिष्ठ आईपीएस ऑफिसर बीएल सोनी ने बड़ा खुलासा किया। डीजी एंटी करप्शन ब्यूरो के पद से हाल ही में रिटायर हुए बीएल सोनी ने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की बात करती है, लेकिन यह बात झूठी है। गहलोत सरकार में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। सोनी ने बताया कि मेरे एंटी करप्शन ब्यूरो का डीजी रहते, अभी हाल में ही कई बड़ी मछलियों को पकड़ा गया, लेकिन जब वो ट्रैप होते थे तो कार्रवाई के वक्त ऊपर से कोई खुशी जाहिर नहीं होती थी, बल्कि नाराजगी होती थी।

छापों की इन कार्रवाइयों पर विपक्षी दलों के नेताओं ने तीखी प्रतिक्रियाएं जाहिर की। अखिलेश यादव ने कहा कि इसमें तो कोई शक नहीं है कि बीजेपी जांच एजेंसियों के जरिए विरोधियों को परेशान कर रही है, उन्हें जेल में डाल रही है। जो यूपी में आजम खान के साथ हुआ अब वही दिल्ली में केजरीवाल के साथ हो रहा है, जो भी इस सरकार के खिलाफ बोलता है, उस पर बीजेपी केस कर देती है। अब चुनाव में जनता इसका जवाब देगी। बिहार से आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि विपक्ष की कोई भी सरकार अच्छा काम करती है, तो बीजेपी उसके पीछे ईडी, सीबीआई या आयकर विभाग को लगा देती है। विपक्षी दल दुर्भावना से कार्रवाई का आरोप लगाने तक सीमित हैं। भ्रष्टाचार से निपटने का उपाय कोई राजनीतिक दल नहीं देता। इसके अलावा कांग्रेस और विपक्षी दल चुनावी राज्यों में भी यह नहीं बता रहे हैं कि भ्रष्टाचार के मामले में उनकी नीति क्या रहेगी। कैसे भ्रष्टाचार को जड़-मूल से उखाड़ा जाएगा। इस मुद्दे को एक भी विपक्षी दल ने चुनावी घोषणा पत्र में शामिल नहीं किया। यह निश्चित है कि जब तक गैर भाजपा दल भ्रष्टाचार को लेकर कोई सार्वजनिक नीति बनाकर कार्रवाई की दृढ़ता नहीं दिखाएंगे, तब तक शक की सुई उनकी तरफ घूमती रहेगी।

**-योगेंद्र योगी-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## पिंवरागे धनहा डोली खार

पिंवरागे धनहा डोली खार
हरुना धान लहलहावत हे
बाली निकले सुग्घर सुग्घर
मुड़ी माथ ल नवावत हे
लुए टोरे के दिन आगे
बनि बनिहारिन खेत जावत हे
लुए टोरे बर हंसिया धरके
लु लुके करपा मढ़ावत हे
पात धरके चापे चाप
कनिहा ल सोजियावत हे
मघन होके लुए बनिहारिन
सुग्घर ददरिया गावत हे
पिंवरागे धनहा डोली खार
हरुना धान लहलहावत हे
मिंज कुटके कोठी म भरके
किसनहा खुशी मनावत हे!!



**सोनु नेताम माया**
रुद्री नवागांव
धमतरी
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## मैं फुलवारी हूँ

मैं रंग-बिरंगी पुष्पों की फुलवारी हूँ,
मै वसुधा को बनाती सुंदर प्यारी हूँ।
मैं नीतङ्गनीत नूतन बहार लाती हूँ,
मैं प्रकृति को पुष्पों से सजाती हूँ।
मैं हवा को सुरभित कर जाती हूँ,
मैं सब के तनमन को महकाती हूँ।
मैं वृक्ष-तरुओं को रंगीला बनाती हूँ
मैं पुष्प कली में रंग, भर जाती हूँ।
मै भ्रमर-तितलियों, को, लुभाती हूँ
मै ही चिड़ियों,को,चह-चाहाती हूँ।
मै मधु मक्खियों को मधु चखाती हूँ
मै ही धरा को सोलह श्रृंगार कराती हूँ



**अशोक पटेल आशु**
मेघा-धमतरी
छत्तीसगढ़.

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# प्रधानमंत्री के लिए अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने वाले राजनेताओं ने अपनी साख गंवाई

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ की गयी 'पनौती' (अपशकुन), जेबकतरा एवं कर्ज माफी जैसी अशोभनीय टिप्पणियों के कारण निशाने पर हैं। चुनाव आयोग (ईसी) ने हालिया टिप्पणियों के लिए राहुल गांधी को कारण बताओ नोटिस जारी करके निर्णायक कार्रवाई की है। यह कार्रवाई सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा चुनाव आयोग में दर्ज की गई एक शिकायत का संज्ञान लेते हुए की गयी है। चुनाव आयोग ने जहां पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा पर चिंता व्यक्त की वही भाजपा ने तर्क दिया कि ऐसी भाषा एक वरिष्ठ राजनीतिक नेता के लिए 'अशोभनीय' है। पिछले लम्बे दौर से विश्वनेता के रूप में प्रतिष्ठित देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दर्शन, उनके व्यक्तित्व, उनकी बढ़ती ख्याति, उनकी बहुआयामी योजनाओं व उनकी कार्य-पद्धतियों पर कीचड़ उछाल रहे हैं। पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान में विपक्षी नेताओं और विशेषतः कांग्रेस नेताओं ने अमर्यादित, अशिष्ट, छिछालेदार भाषा का उपयोग कर राजनीतिक मर्यादाओं को तार-तार कर दिया है। विडम्बना देखिये कि मोदी को गालियां देकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करने वाले राहुल गांधी इसका खामियाजा भी भुगतते रहे हैं, लेकिन राजनीतिक अपरिवक्वता के कारण वे कोई सबक लेने का तैयार नहीं है।

निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी को याद दिलाया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता नेताओं को राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ असत्यापित आरोप लगाने से रोकती है। लेकिन राहुल गांधी ने राजस्थान में हाल की रैलियों में प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए उनके लिए 'पनौती', जेबकतरे और अन्य विवादित शब्दों का इस्तेमाल किया था। राहुल गांधी के ये अशोभनीय एवं मर्यादाहीन बयान क्या रंग लायेगा, यह भविष्य के गर्भ में हैं, लेकिन स्वस्थ एवं आदर्श लोकतंत्र के लिये देश के प्रधानमंत्री के लिये इस तरह के निम्न, स्तरहीन एवं अमर्यादित शब्दों का प्रयोग होना, एक विडम्बना है, एक त्रासदी है, एक शर्मनाक स्थिति है। केवल कांग्रेस ही नहीं, अन्य राजनीतिक दल के नेता भी ऐसी अपरिपक्वता एवं अशालीनता का परिचय देते रहे हैं। पिछले नौ वर्षों में उद्योगपतियों को चौदह लाख करोड़ रुपये की छूट देने के आरोप भी सत्यता से परे, तथ्यहीन, भ्रामक एवं गुमराह करने वाले हैं। 'जेबकतरे' शब्द का प्रयोग करते हुए आरोप लगाया गया कि प्रधानमंत्री लोगों का ध्यान भटकाते हैं। जबकि उद्योगपति गौतम अडानी उनकी (लोगों की) जेब से पैसे निकालते हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि जेबकतरे इसी तरह काम करते हैं। आयोग ने राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट की उस टिप्पणी के बारे में भी बताया जिसमें कहा गया था कि अगर संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) में बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा की जाती है तो प्रतिष्ठा के अधिकार को भी अनुच्छेद 21 में संरक्षित जीवन के अधिकार का एक अभिन्न हिस्सा माना जाता है। इन दो अधिकारों को संतुलित करना एक संवैधानिक आवश्यकता है। लेकिन राहुल गांधी को यह संतुलन साधना कहा आता है?

राहुल गांधी ने अहमदाबाद में विश्व कप क्रिकेट के फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया से भारत की हार के बाद राजस्थान में चुनावी भाषण में मोदी के खिलाफ 'पनौती' जैसे आपत्तिजनक, विवादित एवं अपशब्द का इस्तेमाल किया था। यह एक शब्दभर नहीं है, बल्कि अनेक कुटिलताओं की अभिव्यक्ति है, 'पनौती' मोटे तौर पर ऐसे शख्स के लिये उपयोग किया जाता है, जिसकी मौजूदगी होने भर से बनता काम बिगड़ जाता है। आम तौर पर पनौती शब्द ऐसे व्यक्ति के लिए इंगित किया जाता है जो बुरी किस्मत लाता है। वैसे इसका किसी ज्ञान-विज्ञान और तर्क से नाता नहीं है। जाने-माने भाषाविद् डॉक्टर सुरेश पंत के मुताबिक, हिंदी में -औती प्रत्यय से अनेक शब्द बनते हैं। इनमें कटौती, चुनौती, मनौती, बपौती इत्यादि शामिल हैं। पनौती शब्द नकारात्मकता एवं अशुभता का सूचक है। पनौती को शनि की बुरी दशा का समय माना जाता है। इसका मतलब बाढ़ भी होता है। पनौती तमिल शब्द पन्नादाई का अपभ्रंश भी है। इसका मतलब होता है 'एक ढीला बुना हुआ कपड़ा' या 'मूर्ख'।

बात केवल राहुल गांधी की ही नहीं है, कौन भूल सकता है सोनिया गांधी का वह बयान, जिसने वास्तव में गुजरात की जनता को झकझोर कर रख दिया था। तब सोनिया ने गुजरात के तत्कालीन और बेहद लोकप्रिय मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को 'मौत का सौदागर' बताया था। सोनिया ने कहा था, ÷मेरा पूरा भरोसा है कि आप ऐसे लोगों को मंजूर नहीं करेंगे जो जहर के बीज बोते हैं।%% 'मौत का सौदागर' के बाद 'जहर की खेती' के इस बयान ने गुजरात ही नहीं, देश की जनता की भावना को जगा दिया। नतीजा लोकसभा चुनाव के परिणाम के रूप में सामने आया, जिसमें बीजेपी को 278 और कांग्रेस को 45 सीटें मिलीं। जनता को बेवकूफ एवं नासमझ समझने की भूल कांग्रेस बार-बार करती रही है और बार-बार मात खाती रही है। इन चुनावों में भी ऐसी मात खाने को मिले तो कोई आश्चर्य नहीं है। क्योंकि जनता अपने सर्वोच्च नेतृत्व को मर्यादाहीन तो कत्तई नहीं देखना चाहती। कभी पूर्व कैबिनेट मंत्री मणिशंकर अय्यर मोदी को 'नीच' तक कह देते हैं तो राहुल तो सर्जिकल स्ट्राइक पर 'खून की दलाली' जैसे आरोप लगाते रहे हैं। नोटबंदी को लेकर जहां पूरा देश नरेन्द्र मोदी के साथ खड़ा था, तब विपक्ष को काले कारोबारियों के साथ खड़ा होने में जरा भी शर्म नहीं आई। विपक्ष ने दुनिया के कुख्यात रहे तानाशाह हिटलर, मुसोलिनी, कर्नल गद्दाफी से प्रधानमंत्री मोदी की तुलना कर डाली। इस तरह के स्तरहीन, ओछे एवं अमर्यादित बयानों से न केवल विपक्ष दलों के नेताओं बल्कि कांग्रेस पार्टी की न केवल फजीहत होती रही है, बल्कि उसकी बौखलाहट को दर्शाती रही है। इस तरह के लोग राजनीति में जगह बनाने के लिये ऐसी अनुशासनहीनता एवं अशिष्टता करते हैं।

राहुल के इस तरह के ओछे, स्तरहीन एवं अशालीन शब्दों के प्रयोग का एक लम्बा सिलसिला है। मोदी पर गाली की बौछार में कभी उनको सांप, बिच्छू और गंदा आदमी कहा गया था। तो कभी लहू पुरुष, पानी पुरुष और असत्य का सौदागर भी बताया। सत्ता के शीर्ष पर बैठकर यदि इस तरह जनतंत्र के आदर्शों को भुला दिया जाता है तो वहां लोकतंत्र के आदर्शों की रक्षा नहीं हो सकती। राजनैतिक लोगों से महात्मा बनने की आशा नहीं की जा सकती, पर वे अशालीनता एवं अमर्यादा पर उतर आये, यह ठीक नहीं है। महात्मा गांधी ने कहा था कि मेरा ईश्वर दरिद्र-नारायणों में रहता है।' आज यदि उनके भक्तों-कांग्रेसजनों से यही प्रश्न पूछा जाये तो संभवतः यही उत्तर मिलेगा कि हमारा ईश्वर कुर्सी में रहता है, सत्ता में रहता है। तभी उनमें अच्छाई-बुराई न दिखाई देकर केवल सत्तालोलुपता दिखती है।

**-ललित गर्ग-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।





# गुरुनानक देव के 554 वें प्रकाश पर्व पर शहर में निकाली गई शोभायात्रा

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

गुरुनानक देव के 554 वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में शनिवार को गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा अंबिकापुर द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इसकी अगुवाई पंज प्यारे ने की। प्रकाश उत्सव गुरुद्वारा में 27 नवंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा।

गुरु साहब की भव्य शोभायात्रा गुरुद्वारा सिंह सभा, स्कूल रोड से प्रारम्भ हुई। पंज प्यारे हरमिंदर सिंह भामरा, नवराज सिंह बाबरा, गुरुचरण सिंह छाबड़ा, प्रताप सिंह सोहेल और गुरसेवक सिंह भामरा की अगुवाई में निकाली गई। निशान साहेब की सेवा में परमवीर सिंह भामरा एवं जसबीर सिंह छिन्ना थे। शोभायात्रा गुरुद्वारा साहिब से गुरुनानक चौक शिवाजी चौक (गुदरी चौक), जोड़ा पीपल, आकाशवाणी चौक, गांधी चौक, घड़ी चौक, संगम चौक, ब्रम्ह रोड होकर गुरुद्वारा नानक निवास बाबूपारा पहुंची। गुरुद्वारा नानक निवास में गुरुवाणी शबद कीर्तन के कार्यक्रम हुए। शोभायात्रा में सिख समाज के बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों व बच्चों ने हिस्सा लिया। इसके साथ ही जगह-जगह शोभायात्रा का भव्य स्वागत एवं प्रसाद का वितरण किया गया। शोभायात्रा में गुरुग्रंथ साहिब की सवारी वाली गाड़ी को फूल-मालाओं से भव्य रूप से सजाया गया था। इस दौरान गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार रघुवीर सिंह छाबड़ा, सचिव सरदार नरेंद्र सिंह भामरा, पंजाबी युवा समिति के अध्यक्ष सरदार गुरदीप सिंह बाबरा, मीडिया प्रभारी सरदार जितेंद्र सिंह सोढ़ी एवं जगदीप सिंह छाबड़ा सहित सामाज के महिला-पुरूष शामिल रहे।

## शासकीय राशन अपरा-तफरी की शिकायत,पुलिस कर रही जांच

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

शासकीय राशन अपरा-तफरी करने का मामला सामने आया है। इस मामले में मणिपुर पुलिस ने ट्रक को जब्त कर मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार शहर से लगे ग्राम भिट्ठीकला में शासकीय राशन के अफरा-तफरी किया जा रहा था। सूचना पर पहुंची मणिपुर पुलिस ने मामले की जांच की। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत भिट्ठीकला शासकीय उचित मूल्य की दुकान में ट्रक से शासकीय राशन उतरना था, लेकिन समिति का चावल कुछ मात्रा में गांव के ही शैलेंद्र राजवाड़े के घर पर उतारा जा रहा था।



काफी मात्रा में राशन उतरने के बाद संदेह होने पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना मणिपुर थाने को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। पुलिस राशन लोड वाहन को हिरासत में लेकर संबंधित व्यक्ति से पूछताछ कर रही है।

## वर्तमान परिस्थितियों में भारतीय मूल्यों के संरक्षण जरूरी:व्हीके पाण्डेय

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर में शनिवार को संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर विधि विभाग द्वारा संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल व्हीके पाण्डेय, अध्यक्ष, सैनिक कल्याण बोर्ड थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्ला ने की। इस दौरान मुख्य अतिथि कर्नल व्हीके पाण्डेय ने वर्तमान परिस्थितियों में भारतीय मूल्यों के संरक्षण का आह्वान किया उन्होंने भारतीय प्रजातंत्र में सांसद की भूमिका विषय पर अपने विचार रखे। साथ ही भारतीय स्वातंत्र्य इतिहास के अमर बलिदानी चाफेकर बन्धुओं और उनकी मां की परिस्थिति पर बहुत ही मार्मिक कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. रिज़वान उल्ला ने बताया कि एक नागरिक के जीवन में विधि के



महत्त्व को बताया तथा विद्यार्थियों से आह्वान किया कि समाज का प्रबुद्ध नागरिक होने के नाते वे समाज में विधि एवं हमारे संवैधानिक मूल्यों की स्थापना करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। विधि विभाग के प्राध्यापक माधवेन्द्र तिवारी ने कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत किया। सहायक प्राध्यापक डॉक्टर मिलेन्द्र सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक देवप्रकाश दूबे द्वारा किया गया। इस अवसर पर भूगोल के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश जायसवाल, डॉ. अनिल सिन्हा, एनसीसी अधिकारी पंकज अहिरवार, डॉक्टर तरुण राय, भौतिकी के विभागाध्यक्ष डॉ. एसके श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक डॉ. दीपक सिंह, मोनिका खेस, राजीव कुमार, विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक पूनम सोनवानी, मोहन कश्यप, अनुकूल द्विवेदी सहित विभिन्न विभागों के शिक्षकगण तथा महाविद्यालय के छात्रगण उपस्थित थे।

## चोरों के हौसले बुलंद,पुलिस लाइन से आरक्षक की बाइक की चोरी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

चोरों के हौसले काफी बुदंल हैं। ये अब आम लोगों के साथ-साथ पुलिस को भी अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया है। चुनाव ड्यूटी के दिन चोर ने एक आरक्षक की बाइक पार कर दी। वह भी पुलिस लाइन परिसर से। जो कि पुलिस लाइन परिसर में हर समय पुलिस की आवा जाही लगी रहती है।



जानकारी के अनुसार गांधीनगर निवासी व एसपी कार्यालय के शिकायत शाखा में पदस्थ आरक्षक रामराज यादव अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 डीडी 9818 को 16 नवम्बर की सुबह 10 बजे पुलिस लाइन स्थित ब्लॉक नंबर 7 के पार्किंग में खड़ा कर चुनाव ड्यूटी में चला गया था। 17 नवम्बर की रात्रि 10 बजे जब वह चुनाव ड्यूटी खत्म कर वापस आया तो वहां उसकी बाईक नहीं थी। किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई। वह मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराया है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## महिला ने पति,ससुर व सास पर दर्ज कराई दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

एक महिला ने पति, ससुरर व सास के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ धारा 498 व 34 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



मेघा शर्मा नमनाकला रिंग रोड की रहने वाली है। वह सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। इसकी शादी वर्ष 2022 में अमृतसर पंजाब हरियाणा निवासी अभिनव शर्मा पिता दीपक शर्मा से हुई थी। यह भी सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। शादी में मेधा के पिता को करीब 25 लाख रुपए खर्च हुए थे। शादी का सारा कार्यक्रम अंबिकापुर स्थित एक होटल में हुआ था। शादी के कुछ दिन बाद ही मेघा के पति, ससुर व सास द्वारा काली हो कह कर प्रताड़ित किए जाने लगा। वहीं दहेज में तुम्हारे पिता ने कार नहीं दिया है सहित अन्य मामले को लेकर प्रताड़ित व मारपीट किए जाने से परेशान महिला अपने मायके वापस आ गई थी। महिला ने मई 2023 में दहेज प्रताड़ना की शिकायत अंबिकापुर महिला थाने में दर्ज कराई थी। महिला थाना द्वारा दोनों पक्षों को काउंसिलिंग कराया गया था। काउंसलर द्वारा एक माह के अंदर पति को अपनी पत्नी को मायके से वापस ले जाने के निर्देश दिए थे। पर काउंसलर के निर्देश को अवहेलना करते हुए पति पत्नी को मायके से वापस नहीं ले गया। इस मामले में महिला ने अपने पति अभिनव शर्मा, ससुर दीपक शर्मा व सास राकेश उर्फ नोनिता शर्मा के खिलाफ महिला थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बीमार निरूद्ध बंदी की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 25 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान बीमार निरूद्ध बंदी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हेरमन तिर्की उम्र 60 वर्ष जशपुर जिले के दुलदुला का रहने वाला था। वह हत्या के मामले में जशपुर जेल में बंद था। पिछले कुछ दिनों से इसकी तबियत खराब चल रही थी। स्थिति गंभीर होने पर जशपुर जेल प्रशासन उसे इलाज के लिए केन्द्रीय जेल अंबिकापुर शिफ्ट कराया था। यहां से उसे शुक्रवार को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया मतगणना संबंधी प्रशिक्षण

» कलेक्टर ने माइक्रो ओब्जर्वर को समन्वय स्थापित करते हुए मतगणना कार्य संपन्न कराने किया निर्देशित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

अम्बिकापुरः कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में विधान सभा निर्वाचन 2023 के तहत मतगणना का कार्य कुशलता पूर्वक संपन्न कराने समस्त माइक्रो आब्जर्वर के लिए मतगणना प्रशिक्षण शनिवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया।

इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुंदन ने मतगणना से संबंधित प्रशिक्षण में उपस्थित माइक्रो आब्जर्वर को संबोधित करते हुए अपने दायित्वों का पारदर्शी और अनुशासित ढंग से निर्वहन करते हुए समन्वय स्थापित कर मतगणना कार्य संपन्न कराएं। साथ ही उन्होंने मतगणना में लगे अधिकारी कर्मचारी को



शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मतगणना कार्य में किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर तत्काल मुख्य ओब्जर्वर या जिला निर्वाचन को रिपोर्ट कर सूचित करें। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर सुनील नायक ने माइक्रो आब्जर्वर से संबंधित मुख्य दायित्वों के बारे में जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एन के कंवर एवं अम्बिकापुर नगर पालिका निगमायुक्त अभिषेक कुमार ने प्रशिक्षण से संबंधित बारिकियों को समझाया। सभी उपस्थित माइक्रो आब्जर्वर को मास्टर ट्रेनर्स डॉ राजकमल मिश्रा एवं डॉक्टर एस एन पांडेय के द्वारा प्रशिक्षित किया गया। माइक्रो आब्जर्वर प्रशिक्षण में जिला पंचायत के एपीओ डॉ सी के मिश्रा एवं संजय सिंह तथा गिरीश गुप्ता उपस्थित रहे।

# अम्बिकापुर में एनसीसी दिवस समारोह का किया गया आयोजन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज एन.सी.सी. दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कर्नल बी.के पांडे अध्यक्ष जिला सैनिक कल्याण बोर्ड मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। एनसीसी दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्ला ने की कार्यक्रम का नेतृत्व एवं मार्गदर्शन महाविद्यालय के एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अहिरवार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में एन.सी.सी. ध्वज का आरोहण करने के पश्चात सभी के द्वारा एन.सी.सी. गीत गाया गया। तत्पश्चात परेड निरीक्षण की कार्यवाही की गई इसके पश्चात एन.सी.सी. कैडेट्स के द्वारा मार्च पास्ट किया गया, जिसमें छुह राहुल चौहान के द्वारा परेड को कमांड किया गया , राजीव गांधी पी.जी. कॉलेज के स्ठ कैडेट्स प्लाटून का नेतृत्व CPL बाल कृष्णा राजवाड़े द्वारा किया गया, पीजी कॉलेज के महिला विंग (SW) प्लाटून का नेतृत्व JUO अंजनी सिंह के द्वारा किया गया एवं होली क्रॉस महिला महाविद्यालय की महिला विंग (SW) का नेतृत्व SUO शैली लकड़ा के द्वारा किया गया मार्च पास्ट की कार्यवाही के पश्चात अतिथियों के लिए हॉली क्रॉस महाविद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया इसके पश्चात महाविद्यालय के एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अहिरवार के द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन किया गया, तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्ला के द्वारा एन.सी.सी. कैडेट्स को संबोधित किया गया और इसके पश्चात एन.सी.सी. दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल बी.के. पांडेय के द्वारा



एन.सी.सी. कैडेट्स को जीवन में एन.सी.सी. के माध्यम से किस प्रकार अनुशासन लाया जा सकता है इस विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई और मुख्य अतिथि महोदय ने एन.सी.सी. कैडेट्स को सकारात्मक विचार और उस पर अमल करने के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया इसके पश्चात एनसीसी कैडेट्स द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई जिसमें ह्ष्ष्ट कैडेट्स के द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, कथक नृत्य , छोटा नागपुरी लोक नृत्य, बंगाली लोक नृत्य की प्रस्तुति की गई। इसके पश्चात एनसीसी कैडेट को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले कैडेट्स मे क्रमशः- JUO आशीष कुमार बघेल को RDC परेड दिल्ली, JUO मुनेश्वर राम को ञस्ष्ट कैंप में सम्मिलित होने हेतु , JUO अन्नपूर्णा गुर्जर , LCPL अंकित सारथी को IGC MP and CG directorate में सम्मिलित होने हेतु , C.Q.M.S महेंद्र कुमार राजवाडे, दीपिका तिर्की को बेस्ट कैडेट के लिए मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया एनसीसी दिवस कार्यक्रम में होली क्रॉस महिला महाविद्यालय एनसीसी केयरटेकर अंजना सिंह भी इस कार्यक्रम में उपस्थिति रही एवं माइक संचालन फर्स्ट ऑफिसर नवनीत त्रिपाठी के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में एनसीसी सीनियर ग्रुप से सुभाष राय, विजय गुप्ता, गौतम सोनी, राहुल सिंह, प्रतीक चौबे, राहुल मंडल, योगेंद्र राजवाड़े, अर्चना मिंज, अविनाश शर्मा, राम प्रकाश ठाकुर, वीरेंद्र कुमार, शुभम शर्मा, विक्की विश्वकर्मा, ईशु शर्मा, मीना, सुनीता, मनोज, नितेश उपस्थित रहे कार्यक्रम की समाप्ति एनसीसी गीत और राष्ट्रगान करने के पश्चात विसर्जन की कार्यवाही की गई।

# भारत में मंदिर की प्रतिकृति बनाने की अनुमति नहीं

## नेपाल ने महादेव के मंदिर को लेकर कही यह बात

**काठमांडू,25 नवम्बर 2023 ।** भारत में पशुपतिनाथ मंदिर की प्रतिकृति बनाने की किसी को अनुमति नहीं है। नेपाल के पशुपति क्षेत्र विकास ट्रस्ट (पीएडीटी) के अधिकारियों ने शनिवार को कहा, सदियों पुराना यह मंदिर हिंदू भगवान शिव को समर्पित है, जो जानवरों के रक्षक पशुपति के अवतार में हैं।

पशुपति क्षेत्र विकास ट्रस्ट (पीएडीटी) का बयान कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के बाद आया है। इन खबरों में कहा गया है कि काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर की प्रतिकृति का निर्माण उत्तराखंड के एक गांव में किया जा रहा है। पीएडीटी के कार्यकारी निदेशक डॉ. घनश्याम खातीवाड़ा ने कहा,इस खबर में कोई सच्चाई नहीं है कि पशुपतिनाथ मंदिर भारत के उत्तराखंड में बनाया जा रहा है।



ट्रस्ट का ध्यान इस झूठी खबर पर है। पशुपतिनाथ की प्रतिकृति पर समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक खातीवाड़ा ने कहा, हम मीडिया के एक वर्ग में छपी ऐसी झूठी खबर पर आपत्ति जताते हैं। बता दें कि पशुपतिनाथ काठमांडू के पूर्वी बाहरी इलाके में पवित्र बागमती नदी के तट पर है। इसे नेपाल का सबसे प्रतिष्ठित हिंदू मंदिर माना जाता है। दुनियाभर के लाखों हिंदू तीर्थयात्रियों की आस्था का यह केंद्र प्रमुख पर्यटन स्थल भी है।

पीएडीटी ने एक बयान में कहा, पशुपति सभी हिंदुओं के लिए आस्था का केंद्र है। मीडिया में प्रकाशित झूठी खबर के कारण पशुपति दर्शन में गहरी आस्था रखने वाले पूरे हिंदू समुदाय को झटका लगा है। ट्रस्ट ने स्पष्ट किया कि भारत या किसी दूसरी जगह पर पशुपतिनाथ मंदिर की प्रतिकृति बनाने के लिए किसी अनुमोदन का ÷फैसला नहीं लिया गया है।

## कंगाली की कगार पर खड़ा पाकिस्तान 35 करोड़ खर्च कर लाहौर में कराएगा कृत्रिम बारिश,इस देश की लेगा मदद

**लाहौर (पाकिस्तान), 25 नवम्बर 2023।** पाकिस्तान लंबे समय से गहरे आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। बावजूद, इसके वह करीब 35 करोड़ रुपये खर्च कर वायु प्रदूषण को कम करने के लिए लाहौर में कृत्रिम बारिश की योजना बना रहा है। इसके लिए वह चीन की मदद लेने की तैयारी कर रहा है। देश के पंजाब प्रांत की राजधानी अभी दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गई है।



शुक्रवार को लाहौर एक बार फिर दुनिया में वायु प्रदूषण के मामले में पहले स्थान पर रहा। सरकारी समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान (एपीपी) ने मौसम विभाग के सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि प्रांतीय राजधानी में औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 356 दर्ज किया गया।

पाकिस्तान का लाहौर और भारत का दिल्ली शहर हाल के कुछ वर्षों से सर्दी के मौसम में दुनिया के सबसे प्रदूषित शहर बने हुए हैं। संयोग से, दिल्ली सरकार ने भी वायु प्रदूषण को कम करने के लिए कृत्रिम बारिश की संभावना की घोषणा है।

मीडिया आउटलेट द न्यूज इंटरनेशनल ने वित्त मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से शुक्रवार को कहा, लाहौर में धुंध-कोहरे के गंभीर स्तर से निपटने के अपने प्रयासों के तहत पंजाब सरकार प्रांतीय राजधानी में कृत्रिम बारिश कराने की योजना बना रही है। परियोजना की अनुमानित लागत 35 करोड़ रुपये है।

इस हफ्ते की शुरुआत में मुख्य मौसम विज्ञानी चौधरी असलम ने कहा था कि लाहौर में अगले महीने कृत्रिम बारिश होने की संभावना है और इसके लिए तैयारियां चल रही हैं। उन्होंने कहा था कि सरकार कोहरे पर अंकुश लगाने के लिए अपने प्रयास तेज कर रही है।

## कराची में शॉपिंग मॉल में आग,11 लोगों की मौत,कई लोग अंदर ही फंसे

**इस्लामाबाद,25 नवम्बर 2023 ।** पाकिस्तान के कराची में शनिवार को एक शॉपिंग मॉल में आग लग गई, जिसकी चपेट में आने से 11 लोगों की मौत हो गई। इस घटना में छह लोग गंभीर रूप से जख्मी भी हुए हैं। वहीं, कई और लोगों के मॉल के अंदर ही फंसे होने की खबर है।

बताया गया है कि मॉल में आग सुबह करीब सात बजे लगी। दूसरी मंजिल में लगी यह आग एक के बाद एक चौथे, पांचवें और छठवें तल तक पहुंच गई। हालांकि, अब तक यह साफ नहीं है कि यह आग किन कारणों से लगी। मौके पर ही दमकल की 12 गाड़ियां और 50 से ज्यादा दमकलकर्मी आग बुझाने की कोशिश में जुट गए। बिल्डिंग में



फंसे 42 लोगों को लगभग तत्काल ही बचा लिया गया।

दमकल विभाग के अफसर मुबीन अहमद ने बताया कि घटना में अधिकतर की मौत धुएं और आग के डर से हुई, क्योंकि भीषण आग को नियंत्रित करने के लिए अचानक ही बिजली काटी गई थी। उन्होंने बताया कि मॉल में अभी भी फंसे हुए लोगों को ढूंढने का प्रयास जारी है। 42 लोगों को निकाला गया है, जो कि सभी पुरुष हैं।

## फिर निशाने पर अहमदिया: पीओके में इबादतगाह पर हमला, 10 महीने में 40वां मामला,पीड़ितों का पुलिस पर गंभीर आरोप

**लाहौर,25 नवम्बर 2023।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में तीन दर्जन से अधिक लोगों ने अहमदी समुदाय के इबादतगाह पर हमला किया। हमलावरों ने मस्जिद जैसी दिखने वाली इमारत में बनी मीनारों को भी ध्वस्त कर दिया। कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी के कार्यकर्ता बताए जा रहे हमलावरों ने अहमदी समुदाय के लोगों को आतंकित भी किया। शनिवार को जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान के अनुसार, इस साल जनवरी से अक्टूबर के बीच कम से कम 40 अलग-अलग मौकों पर हमले हुए हैं। पीओके का हमला सबसे नवीनतम है। इस प्रार्थना स्थल का निर्माण 1954 में हुआ था।

जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान के अधिकारी अमीर महमूद ने शनिवार को बताया कि तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के सदस्य माने जाने वाले तीन दर्जन से अधिक उपद्रवियों ने शुक्रवार को हमला किया। कोटली जिले के डोलियान जाटान में अहमदी प्रार्थना स्थल को निशाना बनाया गया। उपद्रवियों के हमले के दौरान घटनास्थल पर मौजूद अहमदी लोग अपनी जान बचाकर भागे। हमलावरों ने मीनारों को भी नुकसान पहुंचाया।



अहमदी प्रार्थना स्थल पर हमले के मामले में समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक अमीर महमूद ने बताया कि उपद्रवी मोटरसाइकिलों पर आए थे। हमलावरों ने प्रार्थना स्थल की मीनारों और आले को नष्ट करने के बाद धार्मिक नारे लगाए और फरार हो गए। घटना कोटली के नर्र थाना क्षेत्र में हुई, लेकिन अभी तक संदिग्धों के खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

महमूद का आरोप है कि इस साल के पहले 10 महीनों के दौरान पाकिस्तान के अलग-अलग हिस्सों में अहमदी अल्पसंख्यक समुदाय के कम से कम 40 प्रार्थना स्थलों को निशाना बनाया गया है। कट्टरपंथी इस्लामिक लोगों ने हमले किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया और कहा, प्रार्थना स्थलों की मीनारों और मेहराबों को ध्वस्त करने में पुलिस भी शामिल रही है। 11 मामलों में हमले सिंध प्रांत में और बाकी हमले पंजाब प्रांत में हुई।

जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान ने दावा किया कि अधिकांश अहमदी प्रार्थना स्थलों पर टीएलपी कार्यकर्ताओं ने हमले किए हैं। अन्य घटनाओं में पुलिस ने, धार्मिक चरमपंथियों के दबाव में, मीनारों और मेहराबों को ध्वस्त कर परिसर में लिखे गए पवित्र लेख भी मिटा दिए। गौरतलब है कि टीएलपी ने दावा किया है कि अहमदी प्रार्थना स्थल मुस्लिम मस्जिदों जैसी दिखती हैं, क्योंकि उनमें मीनारें हैं।

यह भी रोचक है कि अहमदी खुद को मुस्लिम मानते हैं, लेकिन 1974 में पाकिस्तान की संसद ने इस समुदाय को गैर-मुस्लिम घोषित कर दिया। एक दशक बाद उन्होंने खुद को मुस्लिम के रूप में दिखाने से प्रतिबंधित कर दिया गया। अहमदी समुदाय के लोगों को इस्लाम के अलग-अलग पहलुओं का अभ्यास करने से भी रोक दिया गया। प्रतिबंधित चीजों में किसी ऐसे प्रतीक का निर्माण या प्रदर्शन शामिल है जिसका मुसलमान भी इस्तेमाल करते हों। उदाहरण के लिए मस्जिदों पर मीनार या गुंबद बनाना, या सार्वजनिक रूप से कुरान की आयतें लिखने से प्रतिबंधित किया गया।

हालांकि, लाहौर हाईकोर्ट के एक

## बैंकॉक में जुटे 61 देशों के प्रतिनिधि,मंथन के बाद हिंदू धर्म नहीं हिंदू-नेस पर जोर

**बैंकॉक,25 नवम्बर 2023 ।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में विश्व हिंदू कांग्रेस का आयोजन हुआ। दूसरे दिन एक महत्वपूर्ण घोषणा हुई जिसमें प्रस्ताव अपनाया गया। 61 देशों के 2000 से अधिक प्रतिनिधियों के बीच इस बात पर सहमति बनी कि अब हिंदू धर्म के बजाय हिंदू-नेस शब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को अंग्रेजी में विश्वास शब्द पर विचार करते समय कांग्रेस इस बात पर सहमत हुई कि हिंदू धर्म वैश्विक हिंदू समुदाय और उनकी अंतर्निहित अच्छाई को गलत तरीके से प्रस्तुत करता है।

विश्व हिंदू कांग्रेस में हुई घोषणा के अनुसार, हिंदू धर्म शब्द समूह का इस्तेमाल करने पर पहला शब्द- हिंदू असीमित भाव दिखाता है। इससे सनातन यानी शाश्वत होने का भाव दिखता है। हालांकि, हिंदू शब्द के बाद धर्म आता है, जिसका अर्थ है जो बनाए या बरकरार रखता है।

घोषणा में कहा गया कि हिंदू धर्म उन सभी चीजों का प्रतीक है जो शाश्वत रूप से हर चीज को कायम रखता है। इसमें एक व्यक्ति, एक परिवार, एक समुदाय, एक समाज और यहां तक कि प्रकृति के तौर पर जड़ और चेतन सभी शामिल हैं। विश्व हिंदू कांग्रेस का मानना है कि




हिंदू धर्म पूरी तरह से अलग है, क्योंकि इसमें इज़्म जुड़ा हुआ है। कांग्रेस की घोषणा के अनुसार, इज़्म शब्द को दमनकारी और भेदभावपूर्ण दृष्टिकोण के रूप में परिभाषित किया गया है।

हिंदू कांग्रेस का मानना है कि 19वीं सदी के मध्य में अमेरिका में इज्म यानी वाद का इस्तेमाल धार्मिक आंदोलनों को अपमानजनक तरीके से संबोधित करने के लिए किया गया। इस दौरान सामूहिक रूप से कट्टरपंथी सामाजिक सुधार आंदोलनों और विभिन्न गैर-मुख्यधारा की आध्यात्मिक मुहिम को भी निशाना बनाया गया। कांग्रेस की घोषणा में साफ किया गया है कि हिंदू धर्म शब्द को संदर्भ के अनुसार समझा जाना चाहिए।

साहित्यिक और आकादमिक अर्थ का जिक्र करते हुए कांग्रेस ने अपने बयान में कहा, लोकप्रिय शब्दकोष में सर मोनियर-मोनियर विलीमास ने हिंदू धर्म शब्द का जिक्र किया है। उन्होंने अपनी हैंडबुक हिंदूइज्म के में भी इसका विस्तार किया है। इस हैंडबुक को 1877 में सोसाइटी फॉर प्रमोटिंग क्रिश्चियन नॉलेज की तरफ से प्रकाशित किया गया था। बैंकॉक की वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस ने इस शब्दकोष को बौद्धिक रूप से बेईमान शब्दावली करार दिया।

हिंदू धर्म से जुड़ी कांग्रेस की घोषणा में कहा गया कि पिछले 150 वर्षों में वीभत्स हिंदू-विरोधी आख्यान के बीज डाले गए हैं। यही कारण है कि बुजुर्गों ने हिंदू धर्म के बदले हिंदुत्व शब्द के इस्तेमाल को प्राथमिकता दी। यह अधिक सटीक शब्द है। इसमें हिंदू शब्द के सभी अर्थ शामिल हैं। कांग्रेस अपने पूर्वजों और बुजुर्गों से सहमत है, अब हमें भी ऐसा ही करना चाहिए। कांग्रेस की घोषणा के मुताबिक हिंदुत्व कोई जटिल शब्द नहीं है, इसका सीधा सा अर्थ है हिंदू-पन कई लोगों ने वैकल्पिक शब्द के रूप में इसके लिए सनातन धर्म का भी इस्तेमाल किया है। इसे अक्सर सनातन भी कहा जाता है। वर्तमान समय में कई शिक्षाविद और बुद्धिजीवी नकारात्मक रूप से हिंदुत्व को हिंदू धर्म के खिलाफ बताते हैं। कुछ लोग विषय का ज्ञान नहीं होने के कारण ऐसे तर्क देते हैं।

## पाकिस्तान की सैन्य अदालत ने दो पूर्व अफसरों को जासूसी मामले में सुनाई सजा

**इस्लामाबाद,25 नवम्बर 2023 ।** पाकिस्तान की एक सैन्य अदालत ने शनिवार को सेना के दो रिटायर्ड अफसरों के कोर्ट मार्शल का फैसला दिया है। कोर्ट ने उन्हें राजद्रोह के आरोप में 14 और 12 साल तक के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। जिन अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है, उनमें रिटायर्ड मेजर आदिल फारूक रजा और रिटायर्ड कैप्टन हैदर रजा मेहदी शामिल हैं। दोनों ही अधिकारी विदेश में रहते हैं और वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के आलोचक माने जाते हैं। सैन्य कोर्ट द्वारा सजा सुनाए जाने के दौरान भी दोनों अनुपस्थित रहे।



सेना ने एक बयान में कहा कि मेजर रजा और कैप्टन मेहदी को सेना के जवानों के बीच राजद्रोह भड़काने के आरोप में पाकिस्तान सेना अधिनियम, 1952 के तहत दोषी ठहराया गया और सजा सुनाई गई। इसमें कहा गया है कि उन्होंने जासूसी से संबंधित आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, 1923 के प्रावधानों का भी उल्लंघन किया है। मामले में रजा को 14 वर्ष जबकि मेहदी को 12 वर्ष के कठोर कारावास की सजा दी गई। हालांकि, दोनों ही अधिकारियों के पाकिस्तान में न होने के कारण वे सजा नहीं दे सकते। गौरतलब है कि दोनों ही अधिकारियों के खिलाफ यह मामला नौ मई की घटनाओं ते बाद शुरू हुआ था। दरअसल, इसी दिन पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद व्यापक हिंसा हुई और महत्वपूर्ण सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया गया था। इस साल जून में, इस्लामाबाद के रमना पुलिस थाने में नौ मई के हिंसक विरोध प्रदर्शन के दौरान भीड़ को उकसाने के आरोप में रजा और मेहदी समेत चार लोगों पर मामला दर्ज किया गया था।

रजा और मेहदी पर यूट्यूब में वीडियो डालने का आरोप है। रजा को खासतौर पर इमरान की पार्टी पीटीआई के समर्थन में पोस्ट करने के लिए जाना जाता है। बीते साल ही वे लापता होने की खबरों के बीच लंदन में पाए गए थे। दोनों पर नौ मई की घटनाओं को लेकर जनता को भड़काने का आरोप है।

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में मतगणना का प्रथम रेंडमाइजेशन पूर्ण स्ट्रांग रूम का किया गया निरीक्षण







**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,25 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

अम्बिकापुरः विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 03 दिसंबर को होने वाली मतगणना कार्य को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शनिवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुंदन कुमार की उपस्थिति में कलेक्टोरेट एनआईसी में प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर सुनील नायक, जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नूतन कंवर एवं अम्बिकापुर नगर पालिका निगमायुक्त श्री अभिषेक मौजूद थे। जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में मतगणना के लिए 60 माइक्रो ओब्जर्वर, 60 गणना सहायक और 60 गणना सुपरवाइजर का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। मतों की गणना के लिए 14-14 टेबल प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्धारित किए गए हैं।

वहीं प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी कुंदन कुमार ने पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम अम्बिकापुर मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी कुंदन कुमार ने मीडिया सेंटर, पार्किंग, ड्यूटी स्टाफ की आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।

# क्या खबर लगी तो बौखलाया गए भाजपा के मीडिया प्रभारी?



➡ भाजपा के खिलाफ लगती है खबर तो पत्रकारों को क्यों मारने पीटने की धमकी देता है मीडिया प्रभारी?

➡ एमसीबी के निवासी पत्रकार को कोरिया का मीडिया प्रभारी बनाना आखिर जिलाध्यक्ष की कैसी मजबूरी?

➡ जिलाध्यक्ष ने बिगाड़ी संगठन की चाल, मीडिया प्रभारी बना चर्चा का विषय?

## जिस प्रकार जिलाध्यक्ष देते हैं नेताओ को पीठ पीछे गाली क्या उसी प्रकार मीडिया प्रभारी भी देता हैं पत्रकारों को गाली?


संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन | घटती घटना | कोरिया-कोरबा-समाचार | अम्बिकापुर,सोमवार 20 नवम्बर 2023 | 6

भाजपा में जयचंदों के साथ जनाधार विहीन नेताओं की भरमार,चुनाव में दिखा असर

प्रत्याशी भैयालाल राजवाड़े के लिए उनके समर्थको ने लगाई ताकत,फेल हुआ जिला भाजपा संगठन

आमसभा के अलावा कहीं नजर नही आए भाजपा के जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल...जनाधार की है भारी कमी

एमसीबी के निवासी को कोरिया में बनाया गया भाजपा का मीडिया प्रतिनिधि,आखिर क्यों पार्टी की किरकिरी करा रहे भाजपा जिलाध्यक्ष?

क्या भाजपा मीडिया प्रतिनिधि नही रहता रात के 8 बजे के बाद होश में?

क्या जिलाध्यक्ष के माध्यम से वह है भाजपा जैसी अनुशासित पार्टी का बन बैठा है मीडिया प्रतिनिधि...पार्टी को ही पहुंचा रहा नुकसान?

प्रेस विज्ञप्ति में सिर्फ जिलाध्यक्ष को देता है महत्व क्या इसलिए जिलाध्यक्ष ने सिर पर है बैठाया उसे?

जब छपती इनके कमियों की खबर तो जिलाध्यक्ष कार्यालय में बैठकर करते हैं मीडिया प्रतिनिधि के साथ प्लानिंगःसूत्र

मीडिया प्रतिनिधि का रवैया सही नही इसलिए भाजपा की प्रेस कांफ्रेंस में नही जाते अधिकतम पत्रकार

जिलाध्यक्ष समर्थक कुछ भी करें मिलेगा समर्थन,नही होगी कार्यवाही,लेकिन दूसरे नेताओं के समर्थक के लिए मौका तलाशते हैं जिलाध्यक्ष


संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन | घटती घटना | -कोरिया-कोरबा-जशपुर-कुसमी-समाचार | अम्बिकापुर,शुक्रवार 24 नवम्बर 2023 | 5

नशेबाज मीडिया प्रतिनिधि भाजपा रात आठ बजे के बाद सोशल मीडिया पर निकालते है भड़ास और शब्द मर्यादाओं को करते है तार-तार

नशेबाज मिडिया प्रतिनिधि है भाजपा खेमे का सिपहसालार...क्या अनुशासित कही जाने वाली भाजपा करेगी उस पर कार्यवाही?

धमकी,गालियों सहित नुकसान पहुंचाने की बात वह खुद कहते हैं या उनसे कहलवाया जाता है यह भी है सवाल?

क्या दो घूंट पीने को मुफ्त मिल जाता है इसलिए वह कुछ भी लिखने रहते हैं तैयार?

मिडिया कर्मी समूह में भाजपा मिडिया प्रतिनिधि दिखाते हैं अपनी असल औकात,नशे में वीरता का करते हैं अपनी बखान?

भाजपा नशेबाज को अपना मीडिया प्रतिनिधि बनाकर क्यों करा रही अपनी फजीहत,पहले भी नशेबाज के कारण कई बार हुई है सोशल

भाजपा का नशेबाज मीडिया प्रतिनिधि न तो अपनी ही इज्जत का रखता है ख्याल न ही भाजपा की ही मर्यादा का है उसे ध्यान,नशा चढ़ते ही

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,25 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

भाजपा एक अनुशासित पार्टी मानी जाती है जिसमें अनुशासन का बहुत बड़ा महत्व होता है, पर यदि ऐसी पार्टी में अनुशासनहीन व्यक्तियों को महत्वपूर्ण पद दे दिया जाए तो कहीं ना कहीं पार्टी की ही अनुशासन पर सवाल उठना लाजिमी है, भाजपा जिलाध्यक्ष को लेकर पार्टी में खुद पदाधिकारी भी एक मत नहीं है पर उसके बाद एक और पदाधिकारी भाजपा संगठन के लिए खतरा साबित होने लगे हैं और वह है भाजपा का मीडिया प्रतिनिधि जिसकी नियुक्ति जिलाध्यक्ष के द्वारा की गई है जिलाध्यक्ष ने जिस व्यक्ति को मीडिया प्रभारी के जिम्मेदारी दी है, मीडिया प्रभारी का पद काफी संवेदनशील होता है और अपने पार्टी के लिए अच्छे समाचारों को प्रसारित करने का माध्यम होता है उसे पदाधिकारी के कंधे पर यह बड़ी जिम्मेदारी होती है यदि जिसके कंधे पर भाजपा की छवि को निखारने का जिम्मा हो यदि वही पार्टी के लिए गलत गतिविधियों में शामिल हो तो फिर ऐसे पदाधिकारी का क्या काम है? कोरिया के भाजपा मीडिया प्रतिनिधि को लेकर भी विरोध दिखने लगा है जिन्हें प्रभारी बनाया गया है वह भी नवीन जिले से स्थान दिया गया है अब सवाल यह उठता है कि क्या भाजपा के जिलाध्यक्ष के लिए उनके ही विधानसभा या उनके जिले में कोई योग व्यक्ति नहीं था जिसे यह पद दिया जा सके? पार्टी के अंदर अनुशासन पूरी तरीके से ध्वस्त हो रहा है पर इस पर किसी की नजर नहीं जा रही, जिस व्यक्ति को मीडिया प्रभारी का जिम्मा दिया गया है वह खुद भी इतने संवेदनशील व्यक्ति नहीं है जो पार्टी हित में काम कर सके, पार्टी के लिए काम करते नजर नहीं आ रहे हैं, मीडिया प्रतिनिधि की छवि इतनी धूमिल हो चुकी है और खासकर सोशल मीडिया में बिना सर पांव के लिखने वाले शब्दों को लेकर, रात को ही यह सोशल मीडिया में कुछ भी लिखते हैं इसके बाद उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगता है पूरे जिले को इस बात की जानकारी है कि भाजपा के मीडिया प्रतिनिधि रात के 8ः00 बजे के बाद बहक जाते हैं और किसी के लिए भी कुछ भी लिखने लगते हैं जो अपराध की श्रेणी में आता है पर इसके बावजूद भी पुलिस उसे पर कार्यवाही नहीं कर पाती।


ज्ञात होकी एमसीबी के निवासी को को भाजपा कोरिया का मिडिया प्रतिनिधि बनाया गया है, मिडिया प्रतिनिधि भी ऐसे की वह भाजपा की ही किरकिरी लगातार करा रहे हैं वह भी अनुशासित कही जाने वाली भाजपा की। भाजपा का जिला मीडिया प्रतिनिधि एमसीबी के व्यक्ति को नियुक्त करने के पीछे हांथ भाजपा जिलाध्यक्ष का है यह भी बात सामने आ रही है क्योंकि वह अकेले उन्ही के खास हैं। मिडिया प्रतिनिधि भी ऐसे की वह रात आठ बजे के बाद सोशल मीडिया में सक्रिय होते हैं उसके बाद वह शब्द मर्यादाएं तार तार करते हैं और फिर उनके सामने सभी नतमस्तक हो जाते हैं क्योंकि वह जो कुछ लिखते हैं वह गजब की लेखनी होती है जिसमें महिलाओं का अपमान किसी महिला की मर्यादा को तार तार करना शामिल होता है। कुल मिलाकर रात आठ बजे के बाद वह इतने उत्साहित हो जाते हैं की फिर वह बैकुंठपुर शहर के पुराने घड़ी चौक को लाल चौक बनाने से भी पीछे नहीं हटते और वह सोशल मिडिया पर धमकियां देने से भी बाज नही आते, भाजपा खुद को अनुशासित पार्टी बताती चली आ रही है ऐसे में ऐसे मिडिया प्रतिनिधि उसके ही चरित्र को तार तार क्यों कर रहे हैं यह बड़ा प्रश्न है। वैसे कोरिया भाजपा के जिस मिडिया प्रतिनिधि की बात की जा रही है वह जिलाध्यक्ष के खास हैं, यह सारी बात हम नहीं कह रहे हैं पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय है कई बार तो आए कुछ संगठन के पदाधिकारी से भी पत्रकारों ने इस बारे में सवाल पूछ चुका है पर कहीं ना कहीं जिलाध्यक्ष उनकी पैरवी करते नजर आते हैं, उसकी वजह सिर्फ यह है कि मीडिया प्रतिनिधि सारे लोगों को छोड़ सिर्फ जिलाध्यक्ष को ही महत्व देते हैं यहां तक विधानसभा चुनाव में जहां प्रत्याशी भाजपा की तरफ से चुनाव लड़ रहा था उनके लिए प्रचार अच्छे तरीके से होना चाहिए था पर उनके प्रचार के साथ-साथ जिलाध्यक्ष का भी प्रचार हो रहा था ऐसा लग रहा था कि चुनाव भाजपा का प्रत्याशी नहीं जिलाध्यक्ष लड़ रहे हैं, जबकि बाकी विधानसभाओं और बाकी जिलाओं की बात की जाए तो बीजेपी कांग्रेस सभी मिलकर कई जिलाध्यक्ष होंगे जो संगठन का काम करते हुए अपने प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए काम कर रहे थे पर वह सभी अपने प्रत्याशी के प्रचार प्रसार में लगे हुए थे ना कि अपना खुद का प्रचार प्रसार कर रहे थे पर एक इकलौता बैकुंठपुर विधानसभा व कोरिया जिला ही था जहां पर प्रत्याशी के प्रचार के साथ-साथ जिलाध्यक्ष का भी प्रचार हो रहा था और यह प्रचार का माध्यम सिर्फ मीडिया प्रतिनिधि बने हुए थे। जिस कमी को प्रकाशित करने के बाद मीडिया प्रतिनिधि को यह बात बिल्कुल भी पसंद नहीं आई और आपत्तिजनक टिप्पणियों पर वह आ गए और आपत्तिजनक टिप्पणी भी ऐसी जो देखने वाले भी खुद शर्मसार हो गए पर भाजपा की मीडिया प्रतिनिधि को शर्म नहीं आई।

**तीन दिसंबर को होने वाली मतगणना के लिए की जा रही तैयारियों तथा सुरक्षा व्यवस्था का किया अवलोकन**

## सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पहुंचे मतगणना स्थल

-संवाददाता-
बलरामपुर,25 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रकाश त्रिपाठी लाइवलीहूड कॉलेज भेलवाडीह स्थित स्ट्रांग रूम पहुंचकर आगामी 03 दिसंबर को होने वाली मतगणना के लिए की जा रही तैयारियों तथा सुरक्षा व्यवस्था आदि का अवलोकन किया तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री त्रिपाठी ने विधानसभावार बनाए जा रहे मतगणना कक्षों का अवलोकन करते हुए डाक मतपत्रों की गणना के लिए की जा रही तैयारियों, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था आदि का जायजा लिया। उन्होंने गणना सुपरवाइजर, गणना सहायक और माइक्रो आब्जर्वर के प्रशिक्षण, मतगणना टेबल, मतगणना कार्य में संलग्न अमले की संख्या, सुरक्षा व्यवस्था आदि के बारे में जानकारी ली। साथ ही मतगणना स्थल परिसर में निर्वाचन अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों के ठहरने तथा स्ट्रांग रूम की मॉनिटरिंग संबंधित समस्त व्यवस्थाओं के बारे में जाना। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अमित श्रीवास्तव द्वारा मतगणना के लिए की जा रही व्यवस्थाओं और तैयारियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मतगणना हेतु की जा रही व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आए तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

इस दौरान सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री त्रिपाठी ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन-2023 की मतगणना 03 दिसम्बर 2023 को सुबह 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गिनती के साथ शुरू होगी तथा सुबह 8:30 बजे से ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ होगी। उन्होंने मतगणना के दिन विद्युत की सतत् आपूर्ति हो और किसी भी वजह से मतगणना कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए मतगणना स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## पत्थर से युवती का सिर कुचलकर हत्या





-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,चिरमिरी भरतपुर
25 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

युवती का कंकाल नागपुर और केल्हारी की पुलिस ने पर्यटन स्थल अमृतधारा के जंगल से शुक्रवार को बरामद किया। प्रेम प्रसंग की वजह से युवती की हत्या की बात सामने आ रही है।आरोपी ने पत्थर से युवती का सिर कुचलकर साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को गहरी खाई में फेंक दिया था। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार था। पुलिस ने उसे हिरासत में लिया तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमेष बरैया ने बताया कि केल्हारी थानांतर्गत ग्राम पंचायत केंवटी के ग्राम भालूडांड़ निवासी 21वर्षीया सुष्मिता खलखो 24 अक्टूबर को घर से अंबिकापुर जाने के लिए निकली थी। वह अंबिकापुर में रहकर पढ़ाई कर रही थी, लेकिन वह अंबिकापुर नहीं पहुंची। परिजनों के द्वारा उसकी खोजबीन की जा रही थी, लेकिन 4 दिनों तक जब उसका कहीं पता नहीं चल सका तो लापता युवती के पिता ने 28 अक्टूबर को केल्हारी थाना में उसके गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर, युवती के ही गांव का 23 वर्षीय युवक रोहित बेक भी अपने घर से गायब था। संदेह के आधार पर पुलिस द्वारा उसकी भी खोजबीन की जा रही थी। केल्हारी पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपी ने बताया कि मृतका के साथ उसका प्रेम प्रसंग था, लेकिन बीच में ब्रेकअप हो जाने के कारण मृतका किसी और को चाहने लगी थी, जिससे वह नाराज था और हत्या की योजना तक बना डाली। उसने बताया कि युवती अंबिकापुर जा रही थी। रास्ते में उसने उसे बस से उतार लिया और स्कूटी में अपने साथ अमृतधारा जंगल ले गया, जहां नेल कटर दिखाकर उसे धमकाया। इस पर वह घटना स्थल से जान बचाकर भागने लगी, तब उसने पत्थर से वार कर उसका सिर कुचल दिया और हत्या के बाद उसे गहरी खाई में फेंककर अपने घर चला गया आरोपी ने बताया कि वारदात के बाद वह काफी डरा हुआ था, इसलिए घर पर अपना मोबाइल छोड़कर फरार हो गया। आरोपी के द्वारा अपना जुर्म कुबूल कर लेने पर पुलिस ने घटना स्थल से युवती का कंकाल बरामद किया। पुलिस द्वारा मृतका के परिजनों को मौके पर बुलाकर उसकी जूती व कपड़ों से उसकी पहचान कराई। शिनाख्त होने के बाद पुलिस द्वारा पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

CMYK

# अवैध कब्जा हटाने पहुंचे एसईसीएल अफसरों पर फूटा लोगों का गुस्सा



## बैरंग लौटे अधिकारी

## लंबे समय से अतिक्रमण करके अपना व्यवसाय चला रहे लोगों को उजाड़ने पहुंचे थे एसईसीएल के अधिकारी



-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,25 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।
कोरिया जिले के एसईसीएल चरचा कॉलरी में एसईसीएल के अधिकारी बिना नोटिस क्रेन लेकर अवैध कब्जा हटाने पहुंचे जिसे लेकर अवैध कब्जा कर दुकान चला रहे लोगों में एसईसीएल के खिलाफ गुस्सा फूट गया। जिसपर एसईसीएल अफसरों को बैरंग लौटना पड़ा।
घटना शनिवार सुबह करीब 11.30 बजे की है। एसईसीएल के अधिकारी सीएचपी के पास अवैध कब्जा कर बनाए गए गुमटी दुकानों को हटाने पहुंचे थे। इस दौरान दुकानों के बाहर खड़े कुछ गाड़ी के शीशे तक तोड़े गए, वहीं कब्जाधारियों और एसईसीएल के कर्मचारियों के बीच गाली-गलौच तक हुई जिसके बाद एसईसीएल अफसर कब्जा जल्द हटाने की बात कह लौट गए। कब्जा खाली कराने के दौरान पुलिस स्टाफ के नहीं होने के कारण काफी विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। दुकान संचालक ने खुद पर पेट्रोल छिड़कर आग लगाने की चेतावनी तक दे डाली। स्थानीय लोगों ने कहा कि यहां गुमटी लगाकर कुछ व्यापारियों के द्वारा लंबे समय से दुकान का संचालन किया जा रहा है। ऐसे में एसईसीएल बिना सूचना के उनके दुकानों को तोड़ने का प्रयास कर रही है जिसे वह बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगे। मामले में एसईसीएल के सब एरिया मैनेजर जितेंद्र कुमार ने कहा कि आरोप गलत है। वहीं थाना प्रभारी चरचा आरके सहारे ने कहा कि मामले की सूचना एसईसीएल से पुलिस को नहीं दी गई थी। मामले की जांच करेंगे। घटना को लेकर चरचा कॉलरी में गहमागहमी की स्थिति बनी हुई है। एसईसीएल अफसरों की लापरवाही को लेकर लोगों में खासा नाराजगी है।





# पुलिस अधीक्षक ने प्रभावशील आचार संहिता में लघु एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही जारी रखने का दिया निर्देश

-संवाददाता-
कोरबा,25 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।
पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला द्वारा समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारीगण एवं थाना/चौकी प्रभारियों का मीटिंग लिया गया। मीटिंग के उन्होंने कहा कि जिले में कानून का भय दिखना चाहिए। गुंडे एवं बदमाश प्रकृति के लोगों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए। वहीं अमन पसंद जनता के साथ मित्रवत व्यवहार किया जाना चाहिए। उन्होंने समस्त थाना/ चौकी प्रभारियों से कहा कि आचार संहिता प्रभावशील है, लघु एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही जारी रखें। मीटिंग में एजेंडा अनुरूप थानों के लंबित अपराध, शिकायत, मर्ग, लघु एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों का विश्लेषण कर अधिकारियों को वर्षात के मद्देनजर थानों के लंबित अपराध, शिकायतों का अधिक से अधिक निराकरण करने का लक्ष्य दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना/चौकी को आदेश किया गया कि नशा, अवैध शराब, गांजा के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए एवं अपने-अपने थाने चौकी परिसर की साफ सफाई और रखरखाव का ध्यान दिया जाए। थाने चौकी के रजिस्टर, डायरियों का रखरखाव किया जाए, पेट्रोलिंग और रात्रि गश्त को कड़ाई से पालन किया जाए, महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों में त्वरित एवं कड़ी से कड़ी कार्यवाही कर जीरो टॉलरेंस की नीति पर जोर देने की समझाइश दिए तथा वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त शिकायतों की जांच कर तत्काल रिपोर्ट भेजा जाए। थाना प्रभारियों को थाने मे प्राप्त शिकायतों तथा साइबर टीप लाइन प्रकरणो एवं ऑनलाइन ठगी प्रकरणो मे समयावधि पर कार्यवाही का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा वर्षात के पूर्व लंबित मामलों का शत प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश सहित लंबित शिकायतों का अभियान चलाकर निराकरण करने के निर्देश दिया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने शांति पूर्ण ढंग से विधानसभा चुनाव को सम्पन्न कराने पर सभी पुलिस के जवानों एवं अधिकारियों का धन्यवाद किया। क्राइम मीटिंग के दौरान समस्त राजपत्रित (पुलिस) अधिकारीगण, थाना/चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।



# जंगल के रास्ते लगातार हो रहे रेत चोरी को रोकने अब हाथी ने उठाए कदम

-संवाददाता-
कोरबा,25 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।
जिले के कटघोरा वन मंडल क्षेत्र में एक अनोखा मामला आया सामने जहां जंगल के रास्ते हो रहे रेत चोरी को रोकने हांथी आया सामने । मामला कोरबी सर्कल क्षेत्र का है जहां जिले के अन्य स्थानों की तरह यह क्षेत्र भी रेत चोरों के लिए स्वर्ग बना हुआ है। इस क्षेत्र में घने जंगल होने के साथ साथ विभागों के निष्क्रियता के चलते चोर ट्रैक्टर से लगातार रेत चोरी को अंजाम दे रहे है । ऐसे में लगातार हो रहे रेत चोरी की इस हरकत को देख जंगली हाथियों को भी नागवार गुजरा । तभी एक हांथी ने रेत से भरे ट्रैक्टर के पीछे पड़ गया, जिसे देखते ही ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला। वही गुस्साए हाथी ने ट्रैक्टर को पलटाने का प्रयास किया। जिसे दूर से लोगों ने अपने कैमरे में कैद कर लिया । ट्रैक्टर को हांथी तो पलटा नही सका पर हाथी ने गुस्से में ट्रैक्टर को धक्का मार दिया, जिससे ट्रैक्टर सड़क के किनारे बने गड्ढे में जा घूंसा इसके पश्चात हांथी वहां से चला गया । इससे यह कहा जा सकता है के जो काम संबंधित विभागों ने नही कर पाए वह एक जंगली हांथी ने कर दिखाया ।



# जिला अस्पताल में बायो मेडिकल वेस्ट को किया गया आग के हवाले

-संवाददाता-
कोरबा 25 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।
जिले के जिला अस्पताल में उस वक्त हंगामा मच गया जब अस्पताल के कैंपस में काला धुआं उठने लगा । मामले की जानकारी लेने पर यह ज्ञात हुआ के कुछ कर्मचारियों द्वारा पी.पी.ई किट एवं दवाइयों के एम्पूल को किया जा रहा आग के हवाले । यह कर्मचारियों द्वारा क्यों किया जा रहा था यह तो अब तक साफ नहीं हो सका पर इन एम्पूल की शीशियों एवं पी.पी.ई किट को आग के हवाले करने से जो वायु प्रदूषण एवं धमाके हुए साथ ही एमपुल की छोटी छोटी सीसी फटने से कांच के टुकड़े इधर उधर बिखरने लगे, जिससे कोई भी बड़ी दुर्घटना हो सकती थी । बता दें कि जिस वक्त इस घटना को अंजाम दिया गया उस वक्त मरीजों का अस्पताल में आवाजाही बना हुआ था । कर्मचारियों ने बताया के साफ सफाई के कारण इस कार्य को किया गया है । इस करतूत की जानकारी जब रविकांत जाटवर से मांगी गई तब उन्होंने इस संबंध में कोई जानकारी उन्हें नही होने की बात कही गई एवं जानकारी मिलते ही वे तत्काल मौके पर वास्तु स्थिति से अवगत हुए, और आग बुझाने का आदेश दिया साथ ही स्टोर इंचार्ज को नोटिस जारी कर इस मामले पर विस्तार पूर्वक जानकारी मांगी गई । यहां बताना लाजमी होगा की कोरोनाकाल में जो शासन द्वारा डॉक्टरों एवं नर्सों के सुरक्षा के लिए डिस्पोजल पीपीटी किट की व्यवस्था की गई थी, जिससे उनको मरीजों के इलाज के दौरान संक्रमण न हो, पर इन वस्तुओं का विभाजन विभागों एवं डॉक्टरों को नहीं किए जाने से लाखों रुपए के यह पी.पी.डिस्पोजल किट स्टोर में ही रह गए द्य जानकारों का कहना है के स्टोर इंचार्ज के निष्क्रियता के चलते चूहे खा गए, और इन्हें छिपाने के लिए स्टोर इंचार्ज ने साफ सफाई के नाम पर आग के हवाले कर दिया । घटना के दौरान मीडिया को सामने देख अधजले एवं चूहे खाए हुए पी.पी.किट को पुनः अस्पताल में रखवा दिया गया । बता दें की जन स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से कोई भी बायो मेडिकल वेस्ट को या तो जमीनों में गाड़ दिया जाता है या फिर शहर से बाहर रिहायशी इलाके से दूर खुले स्थान पर जलाया जाता है जिससे लोगों के स्वास्थ्य में कोई विपरीत प्रभाव न पड़े जिसकी जानकारी अस्पताल स्टाफ को होने के बावजूद उनके द्वारा इस तरह घटना को अंजाम देना कहीं न कहीं विवादास्पद संदेह को जन्म देता है ,के इतने जल्दबाजी में यह कदम क्यों उठाया गया, जिसकी जानकारी उच्चाधिकारियों तक को नहीं थी। अब देखना होगा के अस्पताल के उच्चाधिकारी इस मामले को कितने गंभीरता से लेते है एवं आगे इस मामले में क्या कार्यवाही करेंगे ।







**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर,जिला सरगुजा,छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0/ /अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमल कुमार सिंह आ0 स्व0 रामबाबु सिंह जाति क्षत्रिय निवासी मायापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम मायापुर तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 174/19 रकबा 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि बी-1, खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण-पत्र, सेटलमेन्ट, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 11/12/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर

# 100 मीटर की परिधि में ध्वनि प्रदूषण प्रतिबंध,बीमार,बुजुर्ग,बच्चों को नहीं होनी चाहिए परेशानी

-संवाददाता-
कोरिया 25 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।
कोरिया कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट विनय कुमार लंगेह ने कोलाहल अधिनियम के तहत एक आदेश जारी किया है, जिसके तहत समस्त शासकीय, अशासकीय अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, जिला एवं सत्र न्यायालय तथा अन्य न्यायालय व समस्त शासकीय कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में आने वाले उक्त सभी संस्थाओं के पास किसी भी तरह की ध्वनि प्रदूषण नहीं किया जाएगा,आदेश के अनुसार सक्षम प्राधिकारी को कड़ाई से पालन कराते हुए ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000 के अंतर्गत कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। बता दें शैक्षणिक गतिविधियां, वृद्धजनों, निःशक्तजनों, बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य तथा लोक शांति को ध्यान में रखते हुए कोलाहल अधिनियम-1985 की धारा 18 तथा ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कोरिया की सीमा के अंतर्गत उल्लेखित क्षेत्र के 100 मीटर की परिधि को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। उक्त आदेश को तत्काल प्रभावशील से लागू किया गया है। जिस तरह से वाहनों, डीजे, स्पीकर व अन्य ध्वनि विस्तारक की तेजी हुई है, उससे मनुष्य के साथ जीव-जंतु में इन तरंगों से प्रभावित हो रहे हैं। ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए बहुत कड़ाई की जरूरत है। ऐसे में यह आदेश निश्चय ही कारगर साबित होगा।



आवश्यकता है
दैनिक अखबार घटती घटना में मशीन हेल्पर की आवश्यकता है
योग्यता 10वी पास
वेतन 7000 से 10000
कार्य समयः शाम 7 बजे से देर रात तक
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
संपर्क-संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,नमनाकला अंबिकापुर सरगुजा छत्तीसगढ़, मो. 9826532611

# भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरी टकराव आज

**» ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी 20 मैच में भारतीय गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद**

**रायपुर,25 नवम्बर 2023।** पहले मैच में औसत प्रदर्शन करने वाले भारत के युवा गेंदबाज आस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को दूसरे टी20 मैच में अपनी गलतियों से सबक लेकर बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेंगे। भारत ने विशाखापत्तनम में पहला मैच दो विकेट से जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1 . 0 से बढत बना ली थी।




तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को छोड़कर हालांकि बाकी भारतीय गेंदबाज आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा सके। ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच और हालात बहुत अलग नहीं होंगे लिहाजा भारतीय गेंदबाजों को एक इकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।
पहले मैच में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा ने क्रमशः 10 . 25 और 12 .50 की औसत से रन दिये जबकि स्पिनर रवि बिश्नोई ने 13 .50 प्रति ओवर की औसत से रन दे डाले। टी20 प्रारूप में गेंदबाजों के लिये बहुत कुछ नहीं होता लेकिन इन तीनों की गेंदबाजी में विविधता का अभाव दिखा। भारत को श्रृंखला में बढत बनानी है तो इन तीनों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। यह असंभव भी नहीं है क्योंकि मुकेश ने विविधता के साथ ऐसा कर दिखाया है। दूसरे गेंदबाजों को भी उनके नक्शेकदम पर चलना होगा।
लंबे समय बाद शीर्ष स्तर पर खेलने का कारण दिया जा सकता है लेकिन आजकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का कार्यक्रम ऐसा है कि खिलाड़ी को सदैव सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये तैयार रहना होता है। बिश्नोई को समझना होगा कि वह सिर्फ गुगली पर निर्भर नहीं रह सकते क्योंकि बल्लेबाज उन्हें भांप लेते हैं। उन्हें इसमें बदलाव करना होगा। हाल ही में वनडे विश्व कप में भारतीय टीम का हिस्सा रहे प्रसिद्ध ने नेट पर शीर्ष खिलाड़ियों को देखा है लेकिन उनकी गेंदबाजी में कुछ नयापन नजर नहीं आया। बल्लेबाजी में कप्तान सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन, रिंकू सिंह और यशस्वी जायसवाल ने अच्छा प्रदर्शन किया।
भारत को उनसे लगातार ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद होगी। पहले मैच में रन आउट हुए रूतुराज गायकवाड़ और तिलक वर्मा भी अच्छी पारियां खेलना चाहेंगे। दूसरी ओर आस्ट्रेलिया के लिये जोश इंगलिस ने शतक जमाकर टी20 विश्व कप के लिये तैयारी पुख्ता की। स्टीव स्मिथ को पारी की शुरूआत के लिये भेजने का फैसला सटीक नहीं रहा। उन्होंने 41 गेंद में 52 रन जरूर बनाये लेकिन उनकी पारी सहज नहीं रही। गेंदबाजों में जेसन बेहरेनडोर्फ को छोड़कर कोई प्रभावी नहीं रहा। ऐसे में लेग स्पिनर एडम जम्पा को तनवीर संघा की जगह उतारा जा सकता है।

**टीमें**

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़ (उपकप्तान), इशान किशन, यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, अवेश खान, मुकेश कुमार।

**ऑस्ट्रेलियाः** मैथ्यू वेड (कप्तान), आरोन हार्डी, जेसन बेहरेनडोर्फ, सीन एबॉट, टिम डेविड, नाथन एलिस, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर सांघा, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मार्कस स्टोइनिस, केन रिचर्डसन, एडम ज़म्पा।



## आईपीएल टीम के संपर्क में है राहुल द्रविड़,नहीं बनेंगे कोच

**नई दिल्ली,25 नवम्बर 2023।** राहुल द्रविड़ का बतौर टीम इंडिया के हेड कोच का कार्यकाल वर्ल्ड कप के बाद खत्म हो चुका है। वह इसे बढ़ाने के इच्छुक नहीं है। द्रविड़ की आईपीएल में वापसी होने जा रही है, वह लखनऊ सुपर जायंट्स के संपर्क में हैं लेकिन वह इस टीम के कोच नहीं बनेंगे।
आईपीएल ऑक्शन जारी है, खिलाड़ियों की अदला बदली जारी है। 26 नवंबर तक सभी टीमों को अपने रिलीज किए गए खिलाड़ियों की लिस्ट देनी है। सिर्फ खिलाड़ी नहीं बल्कि आईपीएल टीमें आप ने कोचिंग स्टाफ की भी अदला बदली जारी है।
गौतम गंभीर लखनऊ का साथ छोड़कर केकेआर में जा चुके हैं। खबर है कि राजस्थान रॉयल्स भी कुमार संगाकरा का साथ छोड़ सकती है। खबर है कि राहुल द्रविड़ भी आईपीएल टीम के संपर्क में हैं लेकिन वह कोच की भूमिका में नहीं होंगे बल्कि बतौर मेंटॉर बनकर टीम के साथ जुड़ सकते हैं।
राहुल द्रविड़ लखनऊ सुपर जायंट्स के संपर्क में हैं। फ्रेंचाइजी और द्रविड़ के बीच टीम के कप्तान केएल राहुल संपर्क करवा रहे हैं। बातचीत जारी है और वह गंभीर के जाने के बाद उनकी जगह टीम के मेंटॉर बनकर आईपीएल में वापसी कर सकते हैं।
वहीं रिपोर्ट में कहा गया है कि, राहुल द्रविड़ और बीसीसीआई के बीच टीम इंडिया के हेड कोच के रूप में करार बढ़ाने को लेकर कोई बातचीत नहीं है। द्रविड़ 2021 से टीम इंडिया के कोच भी भूमिका में हैं। द्रविड़ के बाद वीवीएस लक्ष्मण अगले हेड कोच बन सकते हैं, अभी भी वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलु टी20 सीरीज में कोच की भूमिका में हैं।

## भारत के पास युवाओं के लिए फुटबॉल में ढांचागत योजना होना जरूरी:ओलिवर कान




**जर्मनी,25 नवम्बर 2023।** जर्मनी के दिग्गज फुटबॉलर ओलिवर कान ने कहा कि लियोनेल मेसी या क्रिस्टियानो रोनाल्डो जैसे खिलाड़ियों को अपना आदर्श मानने से अधिक भारतीय युवाओं को देश की फुटबॉल को आगे बढ़ाने के लिए ढांचागत प्रणाली की जरूरत है।
कान ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा,''जब मैं भारत आया तो मुझे ऐसा महसूस हुआ कि लोग फुटबॉल को चाहते हैं। उनका इससे भावनात्मक लगाव है और यह आगे बढ़ने के लिए उनके लिए बड़ी प्रेरणा का काम भी करता है।'' उन्होंने कहा,''युवाओं का विकास बेहद महत्वपूर्ण है और इसके लिए उचित ढांचा होना जरूरी है ताकि आपको पता रहे कि आपको छह-सात साल की उम्र में कब शुरुआत करनी है तथा किसी पेशेवर क्लब से जुड़ने के लिए मुझे क्या करना है।''
कान ने कहा कि किसी खिलाड़ी को अपना आदर्श मानना गलत नहीं है लेकिन आखिर में भारतीय फुटबॉल को स्थानीय प्रतिभा ही आगे बढ़ा सकती है। उन्होंने कहा,''जब मैं एक युवा फुटबॉल खिलाड़ी था तो मेरे भी कुछ आदर्श खिलाड़ी हुआ करते थे जो मेरे लिए मार्गदर्शक का काम करते थे। '' कान ने कहा,''रोनाल्डो और मेसी या जियानलुइगी बफन जैसे खिलाड़ी वास्तविक रोल मॉडल हैं। यह महत्वपूर्ण है। लेकिन आप अपने खुद के भारतीय खिलाड़ी और भारतीय रोल मॉडल क्यों तैयार नहीं करते।

## वर्ल्ड बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप में पंकज आडवाणी का जलवा

**पंकज ने दोहरा खिताब जीता, फाइनल में कोठारी को हराया**

**दोहा,25 नवम्बर 2023।** शीर्ष भारतीय क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने यहां आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप (अंक प्रारूप) के फाइनल में हमवतन सौरव कोठारी को 5-0 से हराकर पांचवी बार दोहरा खिताब अपने नाम किया। इस जीत से आडवाणी के विश्व खिताबों की संख्या 27 हो गयी है। विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल की तरह ही आडवाणी ने यहां कोठारी पर अपनी श्रेष्ठता साबित की।
आडवाणी ने हाल में 1000 अंक के लंबे प्रारूप में कोठारी को हराया था। इस 38 साल के खिलाड़ी ने 2005, 2008, 2014 और 2018 के चरण में भी खिताब जीते थे। इसके अलावा उन्होंने 2015 में स्नूकर का दोहरा खिताब भी जीता था। इस छोटे प्रारूप में 150 अंक के फ्रेम का 'बेस्ट ऑफ नाइन' मुकाबला था। कोठारी ने पहले फ्रेम में मजबूत शुरूआत की जिसके बाद आडवाणी ने 6-91 से वापसी करते हुए 1-0 से बढ़त बनायी।



अगले दो फ्रेम में आडवाणी ने 100 अंक के दो ब्रेक से स्कोर 3-0 कर दिया। दो फ्रेम बाकी थे जिसमें भी आडवाणी ने दबदबा बनाये रखा। हालांकि इन दोनों में 100 अंक का ब्रेक नहीं था लेकिन बेंगलुरु के इस क्यू खिलाड़ी ने 81 और 77 के ब्रेक से मैच और चैम्पियनशिप जीत ली। आडवाणी अब 10 दिन के लिए स्वदेश रवाना होंगे जिसके बाद वह चेन्नई में राष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैम्पियनशिप में हिस्सा लेंगे।


## तोड़ा जाएगा गाबा का ऐतिहासिक स्टेडियम,भारत ने तोड़ा था ऑस्ट्रेलिया का घमंड

**ब्रिसबेन,25 नवम्बर 2023।** ऑस्ट्रेलिया में कई स्टेडियम हैं, जो कई दशक पुराने में हैं। इनमें ब्रिसबेन का गाबा स्टेडियम भी शामिल हैं। वहीं अब इस ऐतिहासिक स्टेडियम को तोड़ा जाएगा। ये वही स्टेडियम है जहां भारत ने ऑस्ट्रेलिया का घमंड तोड़ा था। लेकिन भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर लगातार दूसरी बार उन्हीं की धरती पर टेस्ट सीरीज जीती थी।



रिपोर्ट्स की मानें तो अगले 2025 में इस स्टेडियम को तोड़ा जाएगा।
लेकिन अच्छी बात ये है कि इसी जगह नया स्टेडियम भी तैयार होगा। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि, 2032 में ऑस्ट्रेलिया के इसी शहर में ओलंपिक खेलों का आयोजन होना है। इसी मेगा इवेंट को ध्यान में रखते हुए इस स्टेडियम को बड़े स्तर पर फिर से नए सिरे से बनाया जाएगा। 2021 में ब्रिसबेन को ओलंपिक खेलों की मेज़बानी मिली थी। ब्रिसबेन ऑस्ट्रेलिया का तीसरा शहर होगा, जहा ओलंपिक खेलों का आयोजन होगा। इससे पहले साल 1956 में मेलबर्न और साल 2000 में सिडनी में ओलंपिक खेलों का आयोजन हो चुका है। गाबा स्टेडियम को फिर से बनाने के लिए कई बड़े फैसले लिए जाएंगे। स्टेडियम के पास एक स्कूल है, उसे रीलोकेट किया जाएगा, जबकि अंडर ग्राउंड ट्रेन की सुविधा भी यहां मिलेगी। ओलंपिक खेलों की तैयारी के लिए क्वींसलैंड में सरकार 1.8 बिलियन डॉलर यानी करीब 15 हजार करोड़ रुपये निवेश करेगी। मौजूदा समय में इस स्टेडियम की दर्शक क्षमता 42 हजार हैं, लेकिन नए सिरे से इसे करीब 50 हजार दर्शक क्षमता वाला बनाया जाएगा। इस स्टेडियम का निर्माण 1895 में किया गया था और ये दुनिया के सबसे पुराने कुछ चुनिंद स्टेडियमों में से एक है।

## इन 3 विदेशी खिलाड़ियों को रिलीज कर सकती है मुंबई इंडियंस



**जोफ्रा आर्चर का नाम भी शामिल**

**नई दिल्ली,25 नवम्बर 2023।** अगले महीने आईपीएल 2024 की नीलामी होनी है। लेकिन रविवार 26 नवंबर 2023 की शाम तक आईपीएल की सभी टीमों को उन खिलाड़ियों के नाम बीसीसीआई को सौंपने होंगे, जिन्हें वह रिटेन या रिलीज करेंगे। हर एक टीम किसी न किसी खिलाड़ी को रिलीज करने वाली है। इस बीच आप जान लीजिए कि पांच बार की आईपीएल विजेता मुंबई इंडियंस किस खिलाड़ी को रिलीज कर सकती है।
मुंबई इंडियंस अपने ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की वापसी चाहती है। जिस कारण मुंबई इंडियंस तीन विदेशी खिलाड़ियों में से किसी एक या दो का पत्ता काट सकती है।

**जोफ्रा आर्चर**

मुंबई इंडियंस हार्दिक पांड्या को 15 करोड़ रुपये की कीमत में अपने साथ जोड़ना चाहती है। हालांकि, टीम के पास पर्स में 5 करोड़ के आसपास है। ऐसे में कुछ बड़े खिलाड़ी टीम को रिलीज करने होंगे। इस कारण से रिलीज किए जाने वालों की लिस्ट में जोफ्रा आर्चर का नाम सबसे पहले है। जो पिछले सीन में टीम के साथ थे। पहले सीजन में खेले नहीं थे और 2023 के सीजन में कुछ ही मैच खेल पाए थे। ऐसे में 8 करोड़ रुपये में खरीदे गए इस खिलाड़ी को बाहर कर दिया जा सकता है।

**राइली मेरेडिथ**

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज राइली मेरेडिथ को भी मुंबई बाहर का रास्ता दिखा सकती है। उनको पिछले साल झाय रिचर्डसन के रिप्लेसमेंट के तौर पर खरीदा गया था। मेरेडिथ 1.5 करोड़ रुपये में मुंबई इंडियंस का हिस्सा बने थे, लेकिन टीम कॉम्बिनेशन को देखते हुए उन्हें रिलीज किया जा सकता है। वहीं जसप्रीत बुमराह की टीम में वापसी हो चुकी है और आकाश मधवाल जैसे युवा तेज गेंदबाज टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

**कैमरोन ग्रीन**

मुंबई इंडियंस अपना पर्स बढ़ाने के लिए कैमरोन ग्रीन को भी रिलीज कर सकती है। आईपीएल 2023 ऑक्शन में मुंबई इंडियंस ने उनको 17.50 करोड़ रुपये में खरीदा था। उन्होंने टीम के लिए बतौर ऑलराउंडर अच्छा प्रदर्शन किया था। लेकिन उन पर मोटी रकम टीम को खर्च करना सही नहीं लग रहा है।

## गुजरात टाइटंस का दामन छोड़ेंगे हार्दिक पांड्या,इस टीम से जुड़ेंगे

**नई दिल्ली, 25 नवम्बर 2023।** इंडियन प्रीमियर लीग से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। भारतीय टीम के लिए टी20 टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या इंडियन प्रीमियर लीग के अलावा किसी अन्य टीम के साथ जुड़ सकते है। आईपीएल में हार्दिक पांड्या वर्तमान में गुजरात टाइटंस की ओर से खेलते दिखे है। माना जा रहा है कि आईपीएल से पहले ट्रेडिंग में गुजरात टाइटंस को छोड़कर हार्दिक मुंबई इंडियंस का दामन थाम लें। इससे पहले हार्दिक पांड्या ने आईपीएल करियर की शुरुआत 2015 में मुंबई इंडियंस के साथ की थी।



हालांकि इस मामले पर अबतक मुंबई इंडियंस ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। ऐसे में 26 नवंबर तक इंतजार करना होगा जब आईपीएल की 'ट्रेडिंग विंडो' (खिलाड़ियों का आदान-प्रदान) बंद हो जाएगी। हार्दिक आईपीएल में सात सत्र तक मुंबई की तरफ से खेले और उन्हें 2022 के सत्र से पहले 'रिलीज' कर दिया गया था। गुजरात टाइटंस से जुड़ने के बाद हार्दिक ने आईपीएल की इस नई टीम को लगातार दो बार इस टी20 टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचाया। इनमें अपने पदार्पण सत्र में गुजरात की टीम ने खिताब भी जीता था।
गुजरात टाइटंस के घटनाक्रम पर नजर रखने वाले आईपीएल के एक सूत्र ने कहा,''हां मैं इसकी पुष्टि कर सकता हूं की हार्दिक को फिर से मुंबई इंडियंस से जोड़ने के लिए चर्चा चल रही है। इसकी संभावना है कि वह टीम बदल सकते हैं लेकिन अभी इससे अधिक पुष्टि नहीं की जा सकती, क्योंकि अभी तक अनुबंध पर हस्ताक्षर नहीं हुए हैं।'' फ्रेंचाइजी टीमों के बीच खिलाड़ियों का आदान-प्रदान होता है और यह अभी स्पष्ट नहीं है कि अगर हार्दिक मुंबई से जुड़ते हैं तो उनकी जगह कौन सा खिलाड़ी गुजरात की टीम से जुड़ेगा।
मुंबई की तरफ से अभी इस बात की भी पुष्टि नहीं हो पाई है कि उसने जोफ्रा आर्चर को रिलीज करने का फैसला किया है या नहीं। मुंबई ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज को आठ करोड रुपए की मोटी धनराशि में खरीदा था, लेकिन चोटिल होने के कारण वह पिछले दो सत्र में अधिकतर मैचों में नहीं खेल पाए थे। अगर गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक मुंबई से जुड़ते हैं तो सबसे बड़ा सवाल यह रहेगा कि क्या वह रोहित शर्मा की अगुवाई में खेलेंगे जिनके कप्तान रहते हुए मुंबई इंडियंस ने पांच खिताब जीते हैं। ऐसे कुछ सवाल हैं जो अभी अनुत्तरित हैं और तस्वीर तभी स्पष्ट होगी जब भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) आधिकारिक तौर पर अंतिम ट्रेडिंग सूची घोषित करेगा।

**मुंबई खर्च करेगी इतने रुपये**

ये भी माना जा रहा है कि हार्दिक पांड्या को फिर से टीम में शामिल करने के लिए गुजरात टाइटंस को मुंबई इंडियंस बड़ी रकम का भुगतान करेगी। गुजरात टाइटंस को 15 करोड़ रुपये का भुगतान किए जाने की संभावना है। अगर दोनों टीमों के बीच ये डील इस रकम में फाइनल होती है तो ये आईपीएल इतिहास में ये सबसे बड़ा प्लेयर ट्रेड दो टीमों के बीच होगा। अब तक इस संबंध में दोनों टीमों ने कोई बयान नहीं दिया है।
वर्ष 2022 में हार्दिक पांड्या की कप्तानी में गुजरात टाइटंस की टीम ने डेब्यू मैच में ही खिताब जीता था। इस मैच में हार्दिक पांड्या मैन ऑफ द मैच भी बने थे। इसके बाद लगातार दूसरे सीजन में हार्दिक पांड्या की कप्तानी में गुजरात टाइटंस ने फाइनल में जगह बनाई मगर महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स से मात खानी पड़ी थी।

## अंकिता लोखंडे-मन्नारा चोपड़ा के बीच जबरदस्त भिड़ंत



बिग बॉस 17 के एपिसोड 41 में बहुत सारा ड्रामा देखने को मिला, क्योंकि सलमान खान अपने हास्य, ज्ञान और प्रतियोगियों के लिए सही दिमाग से लैस होकर वीकेंड का वार की मेजबानी करने के लिए लौटे।
घर में, एक कार्य आयोजित किया जाता है जहां घर के सदस्यों को उन व्यक्तियों को बाहर निकालना होता है जो अपने दिमाग में खेल को नियंत्रित कर रहे हैं, जबकि अन्य को कठपुतली समझा जाता है। मुनव्वर फारुकी और विक्की जैन को सबसे ज्यादा वोट मिले जबकि सना को प्रतियोगियों के बीच सबसे बड़ी कठपुतली के रूप में पहचाना गया।
अभिषेक कुमार का उल्लेख है कि अरुण मैशेट्टी और तहलका विक्की की राय से सबसे अधिक प्रभावित हैं। जबकि अन्य लोग विक्की को सबसे ज्यादा सुनने के लिए खानजादी कहते हैं। अरुण और तहलका ने अभिषेक की टिप्पणी पर नाराजगी व्यक्त की है जबकि अभिषेक का कहना है कि मुनव्वर के अलावा वह किसी और को दोस्त नहीं मानते हैं.
इस बीच सना खान और जिग्ना वोरा के बीच जिग्ना वोरा के प्रति उसके निष्क्रिय-आक्रामक व्यवहार को लेकर तीखी बहस हो गई, जिसके बारे में सना का मानना है कि वे एक-दूसरे से दूर हो रहे हैं। सना ने यह भी उल्लेख किया कि जिग्ना एक सुरक्षित खेल खेल रही है।
सलमान अंततः घर के सदस्यों के सामने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं और अपना समय बर्बाद नहीं करते हैं या इधर-उधर भटकते नहीं हैं। वह तुरंत मुद्दे पर पहुंच जाता है। वह तुरंत विक्की और मुनव्वर दोनों को बुलाता है और खुद को खेल का मास्टरमाइंड मानने के लिए उनका मजाक उड़ाता है।
अनुराग डोभाल को एक बार फिर सलमान के गुस्से का शिकार होना पड़ा, जिन्होंने यूट्यूबर के साथ बातचीत करने से इनकार कर दिया। इसके बाद सलमान कहते हैं कि नील भट्ट और रिंकू धवन को छोड़कर बाकी सभी सदस्यों का खेल विक्की और मुनव्वर की चाल से तय होता है।
इसके बाद सलमान ने विक्की को शो में उनकी पत्नी अंकिता लोखंडे की मौजूदगी के बावजूद किसी अन्य गृहिणी का हाथ पकड़ने की बात कबूल करने के लिए उकसाया। हालांकि मेज़बान किसी नाम का खुलासा नहीं करता है, लेकिन घरवाले खान की बिल्ली-और-चूहे की नोक-झोंक पर अनुमान लगाने और हंसने पर मजबूर हो जाते हैं।
सलमान बताते हैं कि मन्नारा चोपड़ा और अभिषेक कुमार घर में दोहरी शख्सियत दिखाते हैं।
सलमान के फ्रेम से बाहर निकलने के तुरंत बाद, अंकिता और मन्नारा के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जहां मन्नारा ने कहा कि वह अंकिता के साथ कोई संबंध नहीं बनाना चाहती।
अंकिता एक बातचीत शुरू करना चाहती थी जिसे मन्नारा लगातार टालती रही, लगातार इस बात पर जोर देकर कि वह पहले से कोई लेना-देना नहीं चाहती है। मन्नारा खानजादी से कहती है कि भले ही उनके बीच अच्छे संबंध न हों, लेकिन मन्नारा सभी परिस्थितियों में खानजादी के साथ रहने की कसम खाती है। इससे अंकिता टूट जाती है और वह मन्नारा को असभ्य कहती है।
बाद में, सलमान ने श्रीलंकाई क्रिकेटर मुथैया मुरलीधरन और 800 के मुख्य अभिनेता मधुर मित्तल की मेजबानी की।
इसके बाद एक दिलचस्प खुलासा हुआ कि मधुर और सलमान ने 2000 की फिल्म कहीं प्यार ना हो जाए में एक साथ स्क्रीन स्पेस साझा किया था।
जैसे ही उन्होंने एपिसोड समाप्त किया, सलमान ने दर्शकों को बताया कि इस सप्ताह के अंत में उनके साथ कई और आश्चर्यों के साथ सनी लियोन भी शामिल होंगी।

## मंसूर के माफी मांगने पर तृषा ने दी यह रिएक्शन



हाल ही में साउथ फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस तृषा कृष्णन और एक्टर मंसूर अली खान के बीच विवाद हुआ था। मंसूर ने त्रिशा पर अप्रिय टिप्पणियाँ की थीं। पुलिस ने मंसूर के साथ हस्तक्षेप किया और उसके खिलाफ शिकायत दर्ज की। इसके बाद मंसूर ने एक पोस्ट शेयर कर त्रिशा से माफी मांगी. अब त्रिशा ने इस समस्या पर प्रतिक्रिया दी है. तृषा ने अपनी पूर्व प्रेमिका के साथ (ट्विटर पर) एक गुप्त पोस्ट साझा की। इसमें वह लिखते हैं÷ ÷गलतियाँ मानव स्वभाव का हिस्सा हैं; क्षमा करना ईश्वर का स्वभाव है। ये पोस्ट सोशल नेटवर्क पर तेजी से फैल रहा है. आपको बता दें कि 90 के दशक की तमिल फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाने के लिए जाने जाने वाले मंसूर ने कहा कि जब उन्हें पता चला कि लियो में त्रिशा के साथ उनका कोई दृश्य नहीं है तो उन्हें निराशा हुई।पहले मैंने सोचा था कि मैं त्रिशा के साथ एक बेडरूम सीन और उसके साथ एक रेप सीन कर सकता हूं। त्रिशा ने एक नोट लिखा था

CMYK

# आप दूसरों को दे रहे हैं वही आपको मिलेगा मोदीजी:भूपेश

### राहुल के पनौती वाले बयान पर बोले सीएम भूपेश

**दुर्ग,25 नवम्बर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल दुर्ग दौरे पर पहुंचे। जहां उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि जो आप दूसरों को दे रहे हैं वही आपको मिलेगा। लौट कर जब बात आई तो बुरा मान गए।



दरअसल, राहुल गांधी के पनौती वाले बयान पर सियासत तेज हो गई है। इसी बीच छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर कहा कि जब आप दूसरों को मूर्खों का सरदार बोलते हैं तब आपको बुरा नहीं लगता? जो आप दूसरों को दे रहे हैं आपको वही मिलेगा। लौट कर जब बात आई तब बुरा मान गए।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, जब आप दूसरों को मूर्खों का सरदार बोलते हैं तब आपको बुरा नहीं लगता? जो आप दूसरों को दे रहे हैं आपको वही मिलेगा, लौट कर जब बात आई तब बुरा मान गए। आपको जो शब्द पसंद नहीं है उनका उपयोग दूसरों के लिए नहीं करना चाहिए। प्रधानमंत्री को अगर ये शब्द पसंद नहीं है तो दूसरों के लिए भी उपयोग ना करें, आप मीठा बोलिए आपको जवाब भी मीठा मिलेगा।

# टीएस सिंहदेव के सीएम बनने का बन रहा योग

### राजगुरु ने की भविष्यवाणी

**रायपुर,25 नवम्बर 2023(ए)।** मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ में मतदान हो चुका है। देश के बाकी राज्यों में मतदान होना है, लेकिन उससे पहले देश ओर दुनिया की नजर इस बात पर टिकी हुई है कि अगली सरकार किसकी बन रही है? राजनीतिक गलियारों से गली मोहल्लों में लेकर चाय के टपरों पर यही चर्चा है। तो आज एक ऐसे शख्सियत के पास है, जो 55 वर्षो से बह्ला विद्या योग पीठ्म के पीठाधीश हैं पंड़ोखर धाम के स्थापक हैं, महामंडलेश्वर



राजगुरू स्वामी संतोषानंद सरस्वती। राजगुरू स्वामी संतोषानंद सरस्वती ने आज न्यूज़ चैनल में बड़ी भविष्यवाणी की है। महामंडलेश्वर राजगुरू स्वामी संतोषानंद सरस्वती ने जो पर्चा बनाया है, उसमें मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बन रही है। 116 से 120 सीटों के साथ बन रही है, कमलनाथ मुख्यमंत्री होंगे। लेकिन बीच में कांग्रेस सरकार फिर गिरेगी, दोबारा से बीजेपी सरकार बनेगीं। वहीं,जब राजगुरू स्वामी संतोषानंद सरस्वती से टीएस सिंहदेव के सीएम बनने को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि टीएस सिंहदेव का भी सीएम बनने का योग बन रहा है। उन्हें भी मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। लेकिन पहले जिनका नाम सामने है उन्हें मुख्यमंत्री बनाया जाएगा।



# राज्यपाल हरिचंदन को मिली डी. लिट की उपाधि

**रायपुर,25 नवम्बर 2023(ए)।** कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल साइंसेस, भुवनेश्वर द्वारा छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को आज आयोजित संस्थान के दीक्षांत समारोह में उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों एवं समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान के सम्मान में, डी. लिट. (डिग्री ऑफ़ लेटर्स) की मानद उपाधि प्रदान की गई। गत दिवस भुवनेश्वर के जयदेव भवन में आयोजित ÷माँ, माटी और मानवाधिकार÷ विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए थे। राज्यपाल ने कहा है कि अगर कोई आदिवासियों को उनकी जमीन से बेदखल करता है, तो यह मानवाधिकार का उल्लंघन है।

# संजू त्रिपाठी हत्याकांड का फरार शूटर मोहम्मद दानिश आया पुलिस की गिरफ्त में

### हत्यारे से जेल में मिलने आया और चढ़ गया पुलिस के हत्थे

**बिलासपुर,25 नवम्बर 2023 (ए)।** सकरी पुलिस को बहुचर्चित संजू त्रिपाठी हत्याकांड मामले में फरार शूटर मोहम्मद दानिश को अरेस्ट करने में कामयाबी मिली है। बिलासपुर कुदुदंड में रहने वाले हिस्ट्रीशीटर संजू त्रिपाठी की सालभर पहले 14 दिसंबर की शाम सकरी बाइपास के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या को अंजाम देने के बाद शूटर भाग निकले। हत्याकांड के वारदात के बाद से मोहम्मद दानिश फरार चल रहा था। आरोपी दानिश की धरकपड़ के लिए पुलिस सालभर से कई जगहों पर दबिश दे चुकी थी लेकिन कामयाबी नहीं मिल पाई थी। लेकिन खुद आरोपी की चूक से वह अब पुलिस के हत्थे चढ़ गया।



जानकारी के मुताबिक़ संजू त्रिपाठी हत्याकांड का मुख्य आरोपी और साजिशकर्ता कपिल त्रिपाठी हत्याकांड के बाद ही पकड़ में आ गया था। फिलहाल वह कटघोरा उपजेल में बंद है। पहले वह बिलासपुर के केंद्रीय जेल में बंद था लेकिन सुरक्षा कारणों से जेल में बदलाव कर दिया गया था। सकरी पुलिस को जानकारी मिली थी कि इस मामले का एक अन्य आरोपी और शूटर मोहम्मद दानिश जेल में बंद कपिल त्रिपाठी से मुलाक़ात करने कटघोरा जेल पहुँच रहा है। इसके बाद पुलिस ने उसके धरपकड़ की तैयारी पूरी की। वह जैसे ही कटघोरा पहुंचा, पुलिस ने उसे धर दबोचा। उसके पास से नकद रकम और एक आईफोन बरामद किया गया है। इस तरह बिलासपुर पुलिस को इस हत्याकांड में एक और बड़ी कामयाबी हाथ लगी है।

गौरतलब है कि बिलासपुर कुदुदंड में रहने वाले हिस्ट्रीशीटर संजू त्रिपाठी की सालभर पहले 14 दिसंबर की शाम सकरी बाइपास के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या को अंजाम देने के बाद शूटर भाग निकले। वहीं, कपिल भी अपने घर से फरार हो गया। पुलिस ने तत्काल संजू के पिता जयनारायण त्रिपाठी, कपिल की पत्नी सुचित्रा को हिरासत में ले लिया था। इस मामले में ज्यादातर आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

**बीजेपी के प्रत्याशी ने जताई आशंका**

# मतगणना के दिन कांग्रेसी मचाएंगे उत्पात

**रायपुर,25 नवम्बर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में 3 दिसंबर को वोटों की गिनती होनी है। इससे पहले बीजेपी ने मतगणना के दौरान कांग्रेसियों के उत्पात की आशंका जताई है। रायपुर ग्रामीण से बीजेपी के प्रत्याशी मोतीलाल साहू ने कहा कि कांग्रेस के लोगों ने मतदान में खूब उत्पात मचाया था।



मतगणना में भी कांग्रेसियों के उत्पात की आशंका है। इस संबंध में हमने प्रशासन को अवगत कराया है। साथ ही अपने कार्यकर्ताओं को भी हम मतगणना संबंधी ट्रेनिंग दे रहे हैं।भाजपा इस के आरोप पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव विकास उपाध्याय ने कहा भाजपा जान चुकी है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बन रही है। बहुमत से काफी अधिक सीटों पर कांग्रेस जीत रही है। इसलिए भाजपा अनर्गल बयान बाजी कर रही है। उन्होंने कहा भाजपा विधानसभा चुनाव में हार मान चुकी है। उनके आला नेता भी जान चुके हैं कि चुनाव हार रहे हैं। इसलिए ऐसी बातें कर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

# वीडियो जारी कर नक्सलियों ने फिलिस्तीन का समर्थन किया

### » नक्सलियों ने किया फिलिस्तीन पर की जा रही कार्रवाई का विरोध

**बस्तर,25 नवम्बर 2023(ए)।** बस्तर में नक्सलियों ने एक वीडियो जारी किया है। वीडियो के माध्यम से नक्सलियों ने फिलिस्तीन का समर्थन किया है। इजराइल की तरफ से फिलिस्तीन के लिए की जा रही कार्रवाई का विरोध किया है।



साथ ही सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन, भारत के प्रधानमंत्री मोदी और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का पुतला फूंका है। नक्सलियों ने करीब 5 मिनट 26 सेकंड का वीडियो जारी किया है। यह वीडियो बस्तर के किस इलाके में शूट किया गया है। फिलहाल अभी यह स्पष्ट नहीं है। वीडियो में दिख रहा है कि हथियारबंद वर्दीधारी नक्सली अमेरिकी राष्ट्रपति, इंडिया और इजराइल के प्रधानमंत्री का पुलता खड़ा कर रहे हैं। इन पुतलों की ऊंचाई करीब 6-6 फीट है।

# छात्रवृत्ति तभी मिलेगी जब मोबाइल नंबर होगा आधार कार्ड से लिंक

**बिलासपुर,25 नवम्बर 2023 (ए)।** राज्य सरकार के आदिवासी विकास विभाग ने पोस्ट मैट्रिक विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देने के लिए आधार कार्ड के जरिये मोबाइल नंबर का सत्यापन करने का निर्णय लिया है। किस वर्ष से उन छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति नहीं मिलेगी जिन्होंने उक्त सत्यापन नहीं कराया है। ज्ञात हो की अनुसूचित जाति जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को 700 रुपए प्रतिमाह कि दर से 10 महीने तक छात्रवृत्ति दी जाती है। वर्तमान सत्र में ऑनलाइन पोर्टल में बदलाव करते हुए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन का सत्यापन आधार से लिंक मोबाईल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से किया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। इस संबंध में आदिवासी विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सभी शासकीय एव अशासकीय संस्थाओं में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित




जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को ये सूचना दी गई है कि वे आधार नम्बर पर रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर आवेदन करते समय पोर्टल पर दर्ज कराना सुनिश्चित करें। रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर पर प्राप्त ओटीपी पोर्टल पर दर्ज करने के बाद ही विद्यार्थियों का आवेदन लॉक होगा। इसके बाद ही विद्यार्थियों के आवेदन स्वीकार कि जायेंगे।

# जवानों को टार्गेट करने के लिए नक्सलियों ने फिर लगाई आईईडी



### भारी मात्रा में फेंके बेनर और पोस्टर

**पखांजूर,25 नवम्बर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने के लिए कई तरह की कोशिश कर नाकाम हो चुके नक्सली अब चुनाव परिणाम आने से पहले मतगणना कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने के लिए बड़ी साजिश को अंजाम देने के फिराक में लगातार कोशिश कर रहे है। नक्सलियों के कायराना हरकत के कारण बीते दिनों जवानों को टार्गेट करने के लिए लगाई गई आईईडी के ब्लास्ट होने से मजदूरों की मौत हो गई थी। आज फिर जवानों को टार्गेट करने के लिए नक्सलियों ने आईईडी लगाकर भारी मात्रा में पर्चे फेंके । नक्सलियों की इन हरकतों से इलाके के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बीते कुछ दिनों से आए दिन नक्सलियों अलग-अलग क्षेत्रों में भारी उत्पात मचाया है। कही आईईडी लगाई तो कही धमकी भरे बैनर और पर्चे फेंके।इसी बीच नक्सलियों ने फिर आईईडी लगाई है। यह पूरा मामला बांदे थाना के पी व्ही 91 का है। बता दें कि नक्सलियों ने चितरंजन नगर गांव के पास आईईडी लगाने के साथ-साथ भारी मात्रा में बैनर लगाया हैं और पर्चे फेंके हैं। साथ ही ग्रामीणों से की पीएलजीए 23 वी वर्षगांठ मनाने की अपील की है। 2 दिसंबर से 8 दिसंबर तक पीएलजीए 23वी बर्षगांठ मनाने की अपील की गई है। कल भी नक्सलियों ने जवानों को नुकसान पहुंचाने आईईडी लगाई थी। वहीं चुनाव आयोग के निर्देश पर बस्तर संभाग में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और मतगणा स्थल एवं स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा की जा रही है । सुरक्षा बलों द्वारा लगातार सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिससे नक्सलियों की साजिशें नाकाम हो रही है। इसी बौखलाहट के चलते नक्सली उत्पात मचा रहे हैं।



# छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आवारा कुत्तों का आतंक

### आवारा कुत्तों ने मेडिकल कालेज के डॉक्टर को नोचा

**रायपुर,25 नवम्बर 2023(ए)।** राजधानी रायपुर में कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बड़ी संख्या में झुंड बनाकर शहर के चौक चौराहों एवं गलियों में घूम रहे आवारा कुत्ते राहगीरों को अपना शिकार बना रहे हैं। राजधानी रायपुर में आवारा कुत्तों का आतंक इतना बढ़ गया है कि कुत्तों के झुंड को देखकर लोग गलियों से गुजरने में भी कतराने लगे हैं। कुत्तों ने आज राजधानी के मेडिकल कालेज में पदस्थ एक डाक्टर को नोचकर घायल कर दिया। मेडिकल कालेज के पैथोलाजी विभाग के विभागाध्यक्ष डा अरविंद नेरल किसी काम को लेकर कटोरा तालाब गए थे। स्वप्निल नर्सिंग होम्स के सामने चारपहिया वाहन से उतरकर आगे बढ़ते ही चार-पांच कुत्तों ने उन्हें घेर लिया। वे कुछ समझते, संभलते, इसके पहले कुत्तों ने पैरों में काटना शुरू कर दिया। डा अरविंद नेरल को आसपास खड़े लोगों ने बचाया। डा नेरल के पैरों पर कुत्तों ने चार जगह नोचा है। डा अरविंद नेरल ने बताया कि वे कार से जैसे ही उतरे, कुत्तों ने घेर लिया। वे चुपचाप धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे थे, इसी दौरान कुत्तों ने काटना शुरू कर दिया। आंबेडकर अस्पताल में उन्होंने इलाज कराया है।

# डॉक्टरों ने बच्ची के फेफड़े से निकाला डेढ़ किलो का ट्यूमर

**ट्यूमर इतना बड़ा था कि शरीर के मुख्य अंग जैसे महाधमनी,सबक्लेवियन आर्टरी,हार्ट की झिल्ली एवं लंग हाइलम् को चपेट में ले लिया था...**

**रायपुर,25 नवम्बर 2023(ए)।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर के हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग में 3 साल की बच्ची के छाती के अंदर हार्ट के पीछे स्थित और हार्ट से चिपके हुए 1.5 किलोग्राम के ट्यूमर (कैंसर) का सफल ऑपरेशन करके बच्ची को नई जिंदगी दी गई।

मेडिकल भाषा में इस ट्यूमर को गैन्लियो न्यूरोफाइब्रोमा ऑफ लेफ्ट हीमोथोरेक्स कहा जाता है. सामान्य भाषा में इसे पोस्टीरियर मेडिस्टाइनल ट्यूमर कहा जाता है। रायगढ़ के टुडरी गांव में रहने वाले परिवार की बच्ची जन्म के बाद पूरी तरह सामान्य थी परंतु 2 साल की उम्र होते-होते उसके चलने की क्षमता समाप्त हो गई। बच्ची अपने पैरों पर खड़ी भी नहीं हो पा रही थी। तब उन्होंने उड़ीसा के बुरला मेडिकल कॉलेज में दिखाया परंतु वहां बीमारी का पता नहीं चला. उसके बाद वे रायपुर एम्स में दिखाये जहां पर बीमारी का पता चला. इसमें बच्ची के स्पाइनल कॉड (रीढ़ की हड्डी) में ट्यूमर था। जिसके कारण बच्ची के पैरों की ताकत समाप्त हो गई थी। एम्स के न्यूरोसर्जन ने मासूम के स्पाइनल कॉर्ड से ट्यूमर निकाल दिया जिससे थोड़ा बहुत बच्ची चलने लगी परंतु कुछ ही समय बाद यह ट्यूमर पूरे बायीं छाती में फैल गया और यह ट्यूमर इतना बड़ा था जिससे बच्ची ठीक से सांस नहीं ले पा रही थी।



एम्स के डॉक्टरों ने ट्यूमर के फैलाव को देखते हुए यह केस अम्बेडकर अस्पताल के हार्ट, चेस्ट और वैस्कुलर सर्जन डॉ. कृष्णकांत साहू के पास रेफर कर दिया. डॉ. साहू बताते हैं कि यह ट्यूमर इतना बड़ा था कि शरीर के मुख्य अंग जैसे महाधमनी, सबक्लेवियन आर्टरी , हार्ट की झिल्ली एवं लंग हाइलम् को चपेट में ले लिया था जिसके कारण इसको निकालना असंभव सा प्रतीत हो रहा था।

डॉ. साहू बताते हैं कि उन्होंने फेफड़े और छाती के कैंसर के 250 से भी ज्यादा केस ऑपरेट कर चुके हैं। साथ ही पोस्टेरियर मेडिस्टाइनल ट्यूमर के 25 से भी ज्यादा ऑपरेशन कर चुके हैं परंतु अभी तक 3 साल की बच्ची में इतना बड़ा पोस्टेरियर मेडिस्टाइनल ट्यूमर का केस पहली बार देखा।

पहले तो ऑपरेशन के लिए मना कर दिया कि यह केस ऑपरेशन के लायक नहीं है क्योंकि इसमें बच्चे के जान जाने की 90 से 95 प्रतिशत संभावना है और ऑपरेशन नहीं भी करवाते तो कैंसर बीमारी के कारण 100 प्रतिशत जान जाने की संभावना है. फिर भी 5 प्रतिशत सफलता की आशा के साथ बच्ची के माता-पिता ऑपरेशन के लिए राजी हो गए।

इस ऑपरेशन को पहले एसीआई के हार्ट, चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग में करने के लिए प्लान किया गया था। परंतु ट्यूमर के बहुत बड़े होने और मासूम की उम्र बहुत ही कम होने तथा हाई रिस्क केस होने के कारण यहां के एनेस्थीसिया विशेषज्ञों ने डीकेएस हॉस्पिटल के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के ऑपरेशन थियेटर में ऑपरेशन की सलाह दी। डी. के. एस. सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल के पीडियाट्रिक सर्जरी की एचओडी डॉ. शिप्रा शर्मा और डॉ. नितिन शर्मा से बात करके बच्चे को डीकेएस शिफ्ट कराया गया।



# जोड़ातराई:रेप-मर्डर का मामला गरमाने लगा

**दंतेवाड़ा,25 नवम्बर 2023(ए)।** बस्तर फाइटर में तैनात महिला की बहन के साथ रेप और मर्डर का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

गीदम थाना क्षेत्र के जोड़ातरई में हुई सनसनीखेज वारदात का खुलासा 4 दिन बाद भी नहीं हुआ।

यहां एक महिला का रेप कर पत्थर से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया गया। अब तक पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लगा है। अब इस मुद्दे पर सियासी रंग भी चढ़ने लगा है। भाजपा प्रदेश महामंत्री ओजस्वी मंडावी के साथ महिला मोर्चा पीड़ित परिवार से मिला। इस घटना की घोर निन्दा की और कहा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार करें, यदि गिरफ्तारी नहीं होती है तो महिला मोर्चा आंदोलन करेगी। मृतक युवती घर से मेला गई थी। वहां से जब तड़के घर की ओर आ रही थी । उसी दौरान उसके साथ रेप किया गया और फिर गला घोंटकर हत्या कर दी। इतना ही नहीं पत्थर से चेहरे और शरीर पर वार भी किए गए। वारदात को घर से महज 150 मीटर की दूरी पर अंजाम दिया गया है।

इस मर्डर मिस्ट्री को सुलझाने के लिए पुलिस सभी एंगल को खंगाल रही है। मृतक युवती की दो बहन और एक भाई है। एक बहन बस्तर फाइटर, एक डीआरजी और बतौर होमगार्ड पुलिस की सेवा कर रहे हैं। पुलिस इन सभी से भी पूछताछ कर रही है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)